
खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । रविवार, 10 नवंबर, 2024 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-6 । अंक-310



# बढ़ते आतंकी हमलों से रुके नहीं, पर डगमगाने लगे हैं पर्यटकों के कदम

## टूरिज्म से जुड़े लोगों को फिर से सताने लगी रोजी रोटी की चिंता

**सुरेश एस डुग्गर**
**जम्मू, 09 नवंबर।**

कश्मीर में बढ़ते आतंकी हमले पर्यटकों के कदमों पूरी तरह से रोक तो नहीं पाए हैं, पर इतना जरूर हुआ है कि टूरिस्टों के कदम डगमगाने जरूर लगे हैं। कश्मीर की ओर रुख करने से पहले पर्यटक दो बार जरूर सोच रहे हैं। यही कारण है कि टूरिज्म से जुड़े लोगों को एक बार फिर अपनी रोजी रोटी की चिंता सता रही है।



कश्मीर वादी में हाल ही में हुए कई बड़े आतंकी हमले भी पर्यटकों को यहां आने से रोक नहीं पाए। गुलमर्ग और सोनमर्ग जैसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों के निकट हुए हमलों के बावजूद हर दिन हजारों पर्यटक शरद ऋतु का आनंद लेने के लिए कश्मीर पहुंच रहे हैं। लेकिन डल झील शिकारा एसोसिएशन के अध्यक्ष वली मोहम्मद कहते है कि अक्टूबर-नवंबर के दौरान कई लोग पूजा की छुट्टियों के दौरान कश्मीर आते थे, क्योंकि उन्हें घूमने का मौका मिलता था। लेकिन, पर्यटन स्थलों के आसपास आतंकवादी हिंसा की कई घटनाओं ने लोगों में दहशत पैदा कर दी है। वहीं जेएंडके होटलियर एसोसिएशन के सचिव तारिक गनी ने कहा, ऐसी जगह कौन आना चाहेगा, जहां हिंसा का खतरा हो। लोग मौज-मस्ती करने आएंगे और अगर स्थिति खराब हो, तो लोग क्यों आएंगे। तारिक अकेले ऐसी चिंता जताने वाले नहीं हैं, बल्कि व्यापार से जुड़े लोगों को अभी भी उम्मीद है कि सरकार की मदद से वे कश्मीर को सुरक्षित जगह के रूप में पेश कर पाएंगे, ताकि शरद ऋतु और सर्दियों के पर्यटन को बचाया जा सके।

इस सच्चाई से कोई मुख नहीं मोड़ता कि हाल के आतंकी हमलों में सुरक्षाकर्मियों समेत कई लोगों की जान गई है, लेकिन इसका कश्मीर में आने वाले पर्यटकों की संख्या पर फिलहाल खास असर नहीं पड़ा है। सरकारी दावा यह है कि इन हमलों के बावजूद लोग कश्मीर में रंग बदलते चिनार के पेड़ों का अद्भुत नजारा देखने पहुंच रहे हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, हर दिन लगभग 7-8 हजार लोग कश्मीर आते हैं, जिनमें से 3-4 हजार पर्यटक होते हैं। गुलमर्ग और सोनमर्ग जैसे स्थानों पर पर्यटकों का उत्साह कम नहीं हुआ है। हमले के तुरंत बाद कश्मीर आए उत्तर प्रदेश, राजस्थान, और बंगाल से आए पर्यटकों ने बताया था कि उन्हें कश्मीर में घूमते हुए कोई असुरक्षा महसूस नहीं हुई। एक पर्यटक शफा खान के शब्दों में हमें यहां बहुत अच्छा लग रहा है और यह जगह वास्तव में स्वर्ग जैसी है। हमें सुरक्षा को लेकर कोई डर महसूस नहीं हुआ। शोएब खान और अन्य पर्यटकों ने भी इस बात को दोहराया था कि वे हर साल यहां आते हैं।

कश्मीर में पर्यटन से जुड़े लोगों ने कश्मीर में आतंकी घटनाओं की निंदा की है और उन्हें अस्वीकार्य बताया है। उन्होंने कहा कि उद्योग शांति बहाल करने में सरकार का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस क्षेत्र से जुड़े कई कारोबारी नेताओं की संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए पर्यटन से जुड़े लोगों ने कहा कि वे कश्मीर घाटी में शांति चाहते हैं। जम्मू कश्मीर होटलियर्स क्लब के चेयरमैन मुश्ताक छाया के बकौल, यह कश्मीरियों को स्वीकार्य नहीं है। हम उन लोगों से अनुरोध करते हैं जो इसके पीछे हैं, वे ऐसा न करें। यह स्वीकार्य नहीं होगा कि यहां लोग मारे जाएं और अर्थव्यवस्था बर्बाद हो जाए।

उन्होंने कहा कि लाखों लोग अपनी आजीविका के लिए पर्यटन पर निर्भर हैं और ऐसी घटनाओं का उद्देश्य शांति को पटरी से उत-ारना और पर्यटन को प्रभावित करना है। छाया ने कहा कि यह कश्मीरियों को अस्वीकार्य है। हम केवल शांति चाहते हैं।

जानकारी के लिए अभी तक 2023 में ही 2.11 करोड़ पर्यटकों के आने का रिकार्ड है। जबकि 2024 में जून तक ही 1.2 करोड़ पर्यटक यहां जा चुके हैं। इसमें बड़े पैमाने पर विदेशी भी शामिल हैं। कोरोना काल में जरूर यह थोड़ा घटे थे। 2020 में 34 लाख पर्यटक आए थे। 2021 में 1.13 करोड़ तो 2022 में 1.8 करोड़ पर्यटक आए जो लगातार बढ़ रहे हैं। प्रदेश में पर्यटन लोगों के जीवन का आधार बन गया है। पांच लाख लोगों को इससे साल-ाना लाभ मिल रहा है।

# जम्मू में करोड़ों रुपए के जमीन घोटाले का पर्दाफाश

### राजस्व अधिकारियों और भूमाफियाओं के खिलाफ मामला दर्ज

**जम्मू, 09 नवंबर (एजेंसियां)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जम्मू जिले में करोड़ों रुपए के भूमि घोटाले का पर्दाफाश किया है जिसमें कई राजस्व अधिकारियों, भूमि हड़पने वालों और उनके सहयोगियों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के प्रवक्ता ने कहा कि यह हालिया सफलता राजस्व अधिकारियों और एक भू-माफिया से जुड़े नेटवर्क को उजागर करती है जो असरवान क्षेत्र में लगभग 40 कनाल कस्टोडियन भूमि के घोटाले में शामिल है और जिसे भू-माफिया ने अवैध रूप से जब्त कर लिया था।

इससे पहले एसीबी ने 62 एकड़ से अधिक कस्टोडियन भूमि से जुड़े एक और घोटाले का पर्दाफाश किया था और जिसकी जांच के लिए 15 एफआईआर पहले ही दर्ज की जा चुकी हैं। प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू के असरवान, मिश्रीवाला और भलवाल में सैकड़ों कनाल कस्टोडियन भूमि को कुछ राजस्व और पुलिस अधिकारियों के



सहयोग से भूमि हड़पने वालों और अपराधियों ने धोखाधड़ी से हड़प लिया था। उन्होंने कहा कि कई मामलों में अभिलेखों के साथ छेड़छाड़ की गई और जमीन अलग-अलग लोगों को बेच दी गई। सत्यापन के दौरान एसीबी ने पाया कि आपराधिक साजिश के तहत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से आए शरणार्थियों से फॉर्म 3-ए (फॉर्म अल्फ) और पावर ऑफ अटॉर्नी (पीओए) दस्तावेज हासिल किए गए। उन्होंने कहा कि उन्हें अतिरिक्त जमीन देने का झूठा वादा किया गया या जमीन हड़पने वालों से जुड़े बिचौलियों ने तुरंत पैसे देने की पेशकश की। इसके बाद राजस्व अधिकारियों ने इन व्यक्तियों के नाम पर कस्टोडियन भूमि के अतिरिक्त भूखंड दिखाने के लिए अभिलेखों में फेरबदल किया।

उन्होंने कहा कि बाद में इन जमीनों को गिरोह के नेताओं सहित विभिन्न खरीदारों को बेच दिया गया जिससे सरकार को काफी नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से कस्टोडियन भूमि को हस्तांतरित करने में भूमि हड़पने वालों और राजस्व अधिकारियों के बीच संबंध के स्पष्ट सबूतों के कारण एसीबी ने प्रणव देव सिंह (पटवारी), राहुल काई (पटवारी), अकील अहमद (नायब तहसीलदार), पलोडा नागबनी मढ़ के राजिंदर शर्मा, वरिंदर गुप्ता, जगदीश चंद्र और मकबूल चौधरी के साथ-साथ राजस्व और कस्टोडियन विभागों के अन्य अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच के दौरान, एसीबी अधिकारियों, स्वतंत्र गवाहों और मजिस्ट्रेटों सहित तलाशी टीमों ने जम्मू में विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निरोधक से तलाशी वारंट प्राप्त करने के बाद जम्मू और आसपास के क्षेत्रों में छह स्थानों पर छापे मारे।

उन्होंने कहा कि अब तक चल रही जांच के हिस्से के रूप में लगभग 16 एफआईआर दर्ज की गई हैं जबकि सत्यापन राजस्व, पुलिस और कस्टोडियन विभागों के अधिकारियों की भागीदारी के साथ धोखाधड़ी से ली गई अतिरिक्त कस्टोडियन भूमि का पता लगाने के लिए सत्यापन अभी भी जारी है।

# कांग्रेस प्रत्याशी ने आतंकी याकूब मेमन के लिए मांगी थी दया

**मुंबई, 09 नवंबर (एजेंसियां)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में महाविकास अघाड़ी के उम्मीदवार का एक पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें कहा गया है कि मुंबई की मीरा भयंदर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सैयद मुजफ्फर हुसैन ने आतंकी याकूब मेमन की फांसी रुकवाने के लिए दया याचिका दाखिल की थी। पत्र में 28 जुलाई 2015 की तारीख है।

राष्ट्रपति को लिखे इस पत्र में कहा गया है, हम महामहिम से याकूब मेमन की सजा के लिए क्षमादान की अपील करते हैं। याकूब मेमन की फांसी टालने के प्रयास में फिल्म निर्माता महेश भट्ट, अभिनेता नसीरुद्दीन शाह, कार्यकर्ता तुषार गांधी, सीपीआई नेता सीताराम येचुरी, सांसद शत्रुघ्न सिन्हा, वकील वृंदा ग्रोवर और 290 अन्य लोगों ने दया याचिका पर दस्तखत किए थे। इस पत्र में मुजफ्फर हुसैन के अलावा पूर्व मंत्री आरिफ नसीम खान, अमीन पटेल, असलम शेख, शेख आसिफ, शेख राशिद, हुस्नबानो खलिफ, यूसुफ अब्राहनी और जावेद जुनेजा के भी दस्तखत हैं। वायरल हो रहे इस पत्र में संविधान का हवाला देते हुए आतंकी याकूब मेमन को मिले मृत्युदंड की सजा को उम्रकैद में बदलने की अपील की गई थी।

उल्लेखनीय है कि साल 1993 के मुंबई बम धमाकों में याकूब मेमन का हाथ था। इस मामले में उसे फांसी की सजा हुई थी। यह पत्र कांग्रेस प्रत्याशी मुजफ्फर हुसैन की तस्वीरों के साथ शेयर हो रहा है। चिट्ठी के साथ कांग्रेस को वोट देना मतलब लव जेहाद को वोट देना और कांग्रेस को वोट देना मतलब मुस्लिम समर्थक मुख्यमंत्री बनाना जैसे स्लोगन भी लिखे हुए हैं। मुजफ्फर हुसैन ने अपने हस्ताक्षर वाले पत्र को फर्जी कहा है। जबकि आतंकी याकूब की दया याचिका पर कांग्रेस पार्टी के 6 विधायकों, 1 पूर्व विधायक और 1 एमएलसी ने हस्ताक्षर किए थे। एमएलसी मुजफ्फर हुसैन के दस्तखत उस पत्र पर थे।

# कश्मीर के लाल आलू पर अस्तित्व का संकट

**जम्मू, 09 नवंबर (ब्यूरो)।** दक्षिण कश्मीर के हिरपोरा इलाके के स्थानीय लोगों ने बताया कश्मीर का स्वदेशी हिरप-ोरा लाल आलू, जो अपने अन-ोखे स्वाद और बनावट के लिए प्रसिद्ध है, विलुप्त होने के कगार पर है। ऐतिहासिक मुगल रोड के किनारे स्थित और हिरपोरा वन्यजीव अभयारण्य से घिरा हिरपोरा पारंपरिक रूप से आलू की खेती के लिए जाना जाता है। कभी इस क्षेत्र में कई लोगों द्वारा उगाई जाने वाली मुख्य फसल, इस बेशकीमती किस्म, जिसे कट्ट-ए-माज आलू (मटन आलू) के रूप में भी जाना जाता है, का उत्पादन तेजी से कम हो गया है, और अब केवल मुट्ठी भर किसान ही इसकी खेती करना जारी रखे हुए हैं।

हिरपोरा के निवासियों ने कहा कि पूरे भारत में अपने विशिष्ट स्वाद और कुरकुरेपन के लिए जाने जाने वाले आलू की खेती में रासायनिक उर्वरकों के अत्याधिक उपयोग, बीमारियों के प्रकोप और खराब उपज जैसे कारकों के कारण नाटकीय रूप से कमी देखी



गई है। स्थानीय किसान अब्दुल रहमान का कहना था कि एक दशक पहले, हिरपोरा के लगभग हर घर में यह लाल आलू उगाया जाता था। अब, गांव के 800 परिवारों में से केवल 10 से 20 परिवार ही इसे उगाते हैं, और वह भी बहुत छोटे पैमाने पर। हिरप-ोरा लाल आलू को उगाने में सामान्य आलू की तुलना में अधिक मेहनत लगती है क्योंकि इसके लिए अधिक प्रयास, उर्वरक और समय की आवश्यकता होती है। नतीजतन, इसका बाजार मूल्य सामान्य आलू की तुलना में लगभग तीन से चार गुना अधिक है, जो इसकी खेती को और हत-ोत्साहित करता है। गिरावट के बावजूद, स्थानीय लोग आशा-न्वित हैं, कुछ लोग अभी भी कम मात्रा में इस बेशकीमती फसल को उगाना जारी रखे हुए हैं। उनका मानना है कि सरकार इन किसानों से बीज खरीदकर और यह सुनिश्चित करने के बाद कि बीज रोग मुक्त हैं और ठीक से जांचे गए हैं, उन्हें अन्य उत्पादकों को वितरित करके इसके पुनरुद्धार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। विशेषज्ञों का मत है कि खेती के तरीकों में बदलाव, विशेष रूप से क्षेत्र में सेब के बागों की बढ़ती संख्या ने आलू की गुणवत्ता और मात्रा को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया है।

उन्होंने कहा कि सेब की खेती के अतिक्रमण से मिट्टी की संरचना और सूक्ष्म जलवायु में बदलाव आया है, जिसने बदले में आलू की खेती को प्रभावित किया है। एक उत्पादक का कहना था कि कश्मीर भर से लोग हमारे आलू खरीदने के लिए यहां आते थे। वे कहते थे कि हमने आलू की अन्य किस्मों को भी आजमाया, लेकिन हिरपोरा रेड जैसी कोई भी किस्म इस क्षेत्र में नहीं बची। इस आलू में अद्वितीय गुण हैं, और यह 1,600 मीटर से अधिक ऊंचाई पर सबसे अच्छा पनपता है। हिरपोरा और पास का सेडो क्षेत्र इसे उगाने के लिए आदर्श है। उत्पादन में गिरावट को स्वीकार करते हुए, कृषि विभाग के एक अधिकारी का कहना था कि सरकार स्थिति से अवगत है और उसने हिरपोरा रेड आलू के पुनरुद्धार के लिए दो परियोजनाएं उच्च अधिकारियों को सौंपी हैं, जिनमें शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय शामिल है। अधिकारी के बकौल, विभाग इस स्वदेशी किस्म को पुनर्जीवित करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। अधिकारियों के अनुसार, एक किसान ने परीक्षण के लिए अपनी ज़मीन देने पर सहमति जताई है, और हम उन लोगों से बीज लेंगे जो अभी भी लाल आलू उगा रहे हैं। इन बीजों का रोगों के लिए परीक्षण किया जाएगा, और हम स्कास्ट के विशेषज्ञों के साथ मिलकर यह पता लगाएंगे कि आलू का उत्पादन कम क्यों है और इसका आकार छोटा क्यों है। विभाग खेती के लिए सर्वोत्तम परिस्थितियों का पता लगाने के लिए मिट्टी की जांच भी कर रहा है।

# सोपोर मुठभेड़: एक आतंकवादी मारा गया, तलाशी अभियान जारी



**जम्मू, 09 नवंबर (ब्यूरो)।** उत्तरी कश्मीर के सोपोर कस्बे के रामपोरा इलाके में शनिवार देर शाम को एक तलाशी अभियान के दौरान हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया।

मिलने वाले समाचारों के अनुसार पुलिस, सेना और सीअ-ारपीएफ की संयुक्त टीम ने रामपोरा में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया।


जैसे ही सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम संदिग्ध स्थान की ओर बढ़ी, छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने भी आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी की पुष्टि की। सूत्रों के अनुसार दो से तीन आतंकवादियों के फंसे होने की आशंका है। गौरतलब है कि कल सागीपोरा सोपोर में गोलीबारी में दो विदेशी आतंकवादी मारे गए थे। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि अब तक की शुरुआती गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया है। अधिकारी ने कहा कि अभियान समाप्त होने के बाद मारे गए आतंकवादी की पहचान की जाएगी। हालांकि अंदेशा यह जताया जा रहा है कि मारा गया आतंकी विदेशी नागरिक था।

इससे पहले क्षेत्र में कुछ आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष जानकारी मिलने के बाद रामपोरा इलाके में एक अभियान शुरू किया गया था।

# मुंबई में 2051 तक 54% कम हो जाएगी हिंदू आबादी: किरीट सोमैया

### भाजपा नेता ने कहा- शहर में रोहिंग्या-बांग्लादेशी घुसपैठिए बढ़ रहे, रिपोर्ट का दिया हवाला



**मुंबई, 09 नवंबर (एजेंसियां)।** भाजपा नेता किरीट सोमैया ने दावा किया है कि मुंबई में रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या बढ़ती जा री है। अगर यही हाल रहा तो 2051 तक शहर में हिंदू आबादी घटकर सिर्फ 54% रह जाएगी। किरीट सोमैया ने कहा, मेरे पास टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज की एक रिपोर्ट है। इस रिपोर्ट के अनुसार शहर में हिंदू आबादी घट जाएगी। इसलिए हम (भाजपा) कहते हैं एक हैं तो सुरक्षित हैं।

किरीट ने यह भी दावा किया कि अगले 27 साल में गोवंडी, मानखुर्द, धारावी और कुर्ला की झुग्गियों में रोहिंग्याओं की संख्या बढ़ जाएगी। सोमैया ने पीएम मोदी की एक हैं तो सुरक्षित हैं टिप्पणी का समर्थन किया और कहा- मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा है वे मुंबई में सभी अवैध मस्जिदों को मान्यता देंगे। लव जेहाद को रोकने और लव जेहाद के सभी मामलों को वापस लेने के लिए कानून नहीं बनने देंगे। इसलिए मतदाताओं ने फैसला किया है कि एक हैं तो सुरक्षित हैं।

टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर प्रो. शंकर दास और को-प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर सौविक मंडल ने इस विषय पर स्टडी रिपोर्ट तैयार की है। जिसमें यह आरोप भी लगाया गया है कि अवैध अप्रवासी कम-कुशल नौकरियां लेकर शहर की सामाजिक-अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों में वेतन में कमी और असंतोष बढ़ रहा है। यह रिपोर्ट 05 नवंबर को एक संस्थान के सेमिनार में पेश की गई। इसमें कहा गया कि कुछ राजनीतिक संस्थाओं पर वोट बैंक की राजनीति के लिए अवैध अप्रवासियों का इस्तेमाल कर रही हैं। जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित कर सकता है। वोटर रजिस्ट्रेशन में हेराफेरी करके अवैध अप्रवासी नकली वोटर कार्ड बनवा लेते हैं। यह भी दावा किया गया कि मुस्लिम प्रवासियों की बड़ी तादाद ने धार्मिक जनसांख्यिकी को बदल दिया है, जिससे असुरक्षा और सांप्रदायिक तनाव की भावनाएं बढ़ रही हैं। खासकर मुंबई के हिंदू समुदायों के भीतर।

टीआईएसएस के रिसर्चर्स ने लगभग 3000 अप्रवासियों के आधार पर पर यह जांच की। लेकिन रिपोर्ट 20 नवंबर को होने वाले चुनावों से पहले 300 लोगों के डेटा से बनाई गई। ये अप्रवासी वर्तमान में धारावी, गोवंडी, मानखुर्द, माहिम पश्चिम और अंबेडकर नगर में रहते हैं।

# अभिजात वर्ग को राष्ट्रवाद की भावना से प्रेरित होना चाहिए: धनखड़

**नई दिल्ली, 09 नवंबर (एजेंसियां)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शोध और नवाचार को विकसित राष्ट्र के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए शनिवार को कहा कि भारत सबसे पुराना, सबसे बड़ा तथा सक्रिय लोकतंत्र है, इसे दुनिया का सबसे शक्तिशाली लोकतंत्र भी बनना चाहिए। श्री धनखड़ ने यहां राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, शोध और नव-ाचार के क्षेत्र की ऊंचाई वैश्विक समुदाय के लिए हमारी क्षमता को परिभाषित करेगी। यह हमारी सॉफ्ट डिप्लोमेसी को नई धार देगी।



उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों से नवाचार और अनुसंधान के लिए अपनी क्षमता का उपयोग करने का आग्रह किया और कॉर्पोरेट संस्थाओं से पर्याप्त योगदान के माध्यम से इस मिशन का समर्थन करने का आह्वान किया। उन्होंने देकर कहा, व्यापार, उद्योग, व्यवसाय और वाणिज्य के संघों को वित्तीय योगदान के माध्यम से अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आगे आना चाहिए। उप राष्ट्रपति ने कहा कि विकसित राष्ट्र के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अनुसंधान और नवाचार महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शिक्षा कोई वाणिज्य नहीं है। शिक्षा समाज की सेवा है। शिक्षा दायित्व है। सेवा करनी चाहिए। समाज को कुछ देना कर्तव्य है। समाज को कुछ देने का सबसे अच्छा तरीका शिक्षा में निवेश करना है। उन्होंने कहा, शिक्षा में निवेश मानव संसाधन में निवेश है, वर्तमान में निवेश है, हमारे भविष्य में निवेश है। शिक्षा के माध्यम से ही हम हजारों सदियों के अपने गौरवशाली अतीत को जान पाते हैं।

श्री धनखड़ ने कहा, हमारे अभिजात वर्ग के लिए अभिजात वर्ग बनने का समय आ गया है। मैं उनसे अपील करता हूं- एक योग्य अभिजात वर्ग बनने के लिए आपको राष्ट्रवाद के जोश से प्रेरित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत, सबसे पुराना, सबसे बड़ा और क्रियाशील लोकतंत्र है, जिसे दुनिया का सबसे शक्तिशाली लोकतंत्र भी होना चाहिए।

एक शक्तिशाली भारत वैश्विक सद्भाव, शांति और खुशी का आश्वासन होगा। उप राष्ट्रपति ने राष्ट्रवाद के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का आह्वान करते हुए कहा कि इसके लिए राष्ट्रवाद के प्रति पूरी तरह से अडिग प्रतिबद्धता की आवश्यकता है।

राष्ट्रीय हित को पक्षपातपूर्ण या अन्य हितों से ऊपर रखा जाना चाहिए। उन्होंने आर्थिक राष्ट्रवाद की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला और जोर दिया कि व्यापार के लिए आर्थिक राष्ट्रवाद को प्रमुख चिंता का विषय होना चाहिए।




खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | रविवार, 10 नवंबर, 2024 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | epaper.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-8 रु. | वर्ष-6 | अंक-310

महाराष्ट्र के नांदेड़ और अकोला की जनसभाओं में बोले पीएम मोदी

# दलितों और आदिवासियों की एकता से कांग्रेस हताश

**नांदेड़ (महाराष्ट्र), 09 नवंबर (एजेंसियां)।**

महाराष्ट्र के नांदेड़ में विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के शासनकाल में दलितों और आदिवासियों की अभूतपूर्व एकता के कारण कांग्रेस का आधार ध्वस्त होता जा रहा है। कांग्रेस बिल्कुल हताशा में है। कांग्रेस के लोग भारत का संविधान शीर्षक वाली एक लाल किताब दिखाते फिर रहे हैं, जिसके अंदर खाली पन्ने हैं।

यह बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति कांग्रेस की उपेक्षा और नफरत का प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने कहा, जनाधार खोने के बाद अब कांग्रेस को अलगाववादियों और आतंकवादियों का सहारा रह गया है। कांग्रेस के लोगों से यह पूछा जाना चाहिए कि उन्हें अनुच्छेद 370 से इतना प्यार क्यों है? प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के इस मूर्खतापूर्ण और दुर्भाग्यपूर्ण सियासी खेल से पूरा देश सदमे में है।

जनसभा में जुटे विशाल जनसमूह को देखते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, आज पूरे महाराष्ट्र में महायुति और भाजपा के पक्ष में लहर है। आज देश विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है और देश की जनता जानती है कि भाजपा और उसके सहयोगी दल इसके लिए गंभीरता से काम कर रहे हैं। यही वजह है कि




**अब अलगाववादी और आतंकवादी ही कांग्रेस का सहारा**

**इसीलिए कश्मीर में दिखा रहे हैं अनुच्छेद 370 से प्यार**

जनता बार-बार भाजपा और राजग (एनडीए) सरकार को चुन रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, आज मैं डबल ड्यूटी कर रहा हूं। सबसे पहले मैं मोदी के लिए मदद मांग रहा हूं और दूसरा महाराष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए। हरियाणा चुनाव में भाजपा को इतिहास में सबसे ज्यादा वोट मिले। अब महाराष्ट्र की जनता भी इतिहास दोहराने जा रही है। उन्होंने कहा, पिछले दो दिनों में मैं महाराष्ट्र में जहां भी गया, सभी के मन में यही बात थी कि लोकसभा में जो कमी थी, इस बार विधानसभा में उसे मजबूती से पूरा करना है। लोग कह रहे हैं कि विकसित महाराष्ट्र के लिए महायुति सरकार चाहिए। महाराष्ट्र ने लंबे समय तक कांग्रेस और उसके पापों का प्रकोप झेला है।

प्रधानमंत्री ने कहा, आज महाराष्ट्र में भाजपा और महायुति के समर्थन में लहर है। आज हर किसी की जुबान पर एक ही नारा है- भाजपा-महायुति आहे, तार गति आहे। महाराष्ट्राची प्रगति आहे (केवल भाजपा-महायुति ही महाराष्ट्र की तेज प्रगति सुनिश्चित करेगी)। आज देश विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है और देश की जनता जानती है कि केवल भाजपा और उसके सहयोगी ही इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए गंभीरता से काम कर रहे हैं। यही कार है कि देश की जनता बार-बार भाजपा और एनडीए सरकार को चुन रही है।महाराष्ट्र के अकोला में आयोजित चुनावी जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक जैसे राज्य कांग्रेस के शाही परिवार का एटीएम बन गए हैं।

महाराष्ट्र का विपक्षी महा विकास अघाड़ी का मतलब है भ्रष्टाचार और हजारों करोड़ रुपए के घोटाले। पीएम मोदी ने दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को एकजुट रहने की भी अपील की। पीएम मोदी ने महाराष्ट्र की जनता की तारीफ करते हुए कहा, 2014 से 2024, ये 10 साल महाराष्ट्र ने भाजपा को लगातार दिल खोलकर आशीर्वाद दिया है। भाजपा के ऊपर महाराष्ट्र के इस भरोसे की वजह भी है कि यहां के लोगों में देशभक्ति हैं और राजनीतिक समझ एवं दूरदृष्टि है। इसलिए महाराष्ट्र की सेवा का मेरे लिए सुख ही कुछ अलग है। पीएम मोदी ने कहा है कि अभी केंद्र में हमारी सरकार को 5 महीने ही हुए हैं, इन 5 महीनों में लाखों-करोड़ रुपए की परियोजनाएं शुरू की गई हैं। इसमें बड़ी संख्या में महाराष्ट्र से जुड़े बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट भी हैं। ▶10 पर

अमित शाह ने राहुल गांधी को दी खुली चुनौती

# भाजपा के रहते मुसलमानों को नहीं मिलेगा आरक्षण

**पलामू, 09 नवंबर (एजेंसियां)।**




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुसलमानों के आरक्षण को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को खुली चुनौती दी है। झारखंड के पलामू में एक रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि अगर धर्म के आधार पर आरक्षण दिया जाएगा तो दलितों और आदिवासियों का क्या होगा? उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी दलितों आदिवासियों के हिस्से का आरक्षण काटकर मुसलमानों को देना चाहती है। अमित शाह ने कहा, जब तक भारतीय जनता पार्टी भारत में है, धर्म के आधार पर अल्पसंख्यकों को आरक्षण नहीं मिलेगा।

अमित शाह ने कहा, कांग्रेस पार्टी मुसलमानों को आरक्षण देने की बात करती है। जबकि संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। हम कभी भी किसी धर्म विशेष को आरक्षण नहीं दे सकते। महाराष्ट्र में उलेमाओं के एक समूह ने कांग्रेस को एक ज्ञापन दिया कि मुसलमानों को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं झारखंड की जनता से यह पूछने आया हूं कि अगर मुसलमानों को 10 प्रतिशत आरक्षण मिलता है तो किसका आरक्षण कम हो जाएगा? अमित शाह ने कहा, राहुल बाबा, एससी-एसटी-ओबीसी का आरक्षण छीन कर मुसलमानों को देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अभी महाराष्ट्र में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, हम मुस्लिम आरक्षण देंगे। कर्नाटक में दिया है, हैदराबाद में दिया है। लेकिन आप लोग चिंता मत करो, जब तक भाजपा सरकार है, हम एससी-एसटी-ओबीसी के आरक्षण को हाथ नहीं लगाने देंगे। शाह ने कांग्रेस को ओबीसी विरोधी करार देते हुए कहा कि उनके शासन ने लगातार ओबीसी समुदाय को नुकसान पहुंचाया है, खासकर काका कालेलकर समिति और मंडल आयोग की रिपोर्ट के कार्यान्वयन के मामले में। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल की सराहना की, जिसमें 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण के कार्यान्वयन और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) की स्थापना पर प्रकाश डाला गया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस एक ओबीसी विरोधी पार्टी है। जब भी वे सत्ता में आए, उन्होंने उनके साथ अन्याय किया। 1950 में काका कालेलकर समिति बनाई गई थी, लेकिन इसकी रिपोर्ट गायब हो गई। जब मंडल आयोग ओबीसी को आरक्षण देने के लिए आया, तो इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने इसके कार्यान्वयन का विरोध किया। केंद्रीय संस्थानों में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने में उन्हें सालों लग गए। 2014 में जब जनता ने मोदी सरकार को चुना तो उन्होंने ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किया। उन्होंने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) का गठन किया और इसे संवैधानिक स्थान दिया। शाह ने झारखंड में जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी गठबंधन को देश का सबसे भ्रष्ट प्रशासन करार देते हुए इंडिया गठबंधन की आल-ोचना की। ▶10 पर

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दोनों बेटे भारत आएंगे

## भारत में बनेंगे छह और ट्रंप टावर



**नई दिल्ली, 09 नवंबर (एजेंसियां)।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दोनों बेचे ट्रंप जूनियर और एरिक ट्रंप अगले वर्ष की शुरुआत में ही भारत आएंगे। भारत में छह और ट्रंप-टावर का निर्माण प्रस्तावित है। चार ट्रंप-टावर पहले से हैं। ट्राइबेका डेवलपर्स के संस्थापक

**मुंबई, पुणे, गुड़गांव और कोलकाता में बने हैं ट्रंप टावर**

कल्पेश मेहता ने यह जानकारी देते हुए कहा कि ट्रंप जूनियर और एरिक ट्रंप प्रतिष्ठित ट्रंप टावर परियोजनाओं का शुभारंभ करने के लिए अगले साल की शुरुआत में भारत आएंगे। भारत में ट्रंप ऑर्गनाइजेशन के रियल एस्टेट पार्टनर कल्पेश मेहता ने कहा कि परियोजना का शुभारंभ मार्च से जून के बीच होने की उम्मीद है। ▶10 पर

जम्मू कश्मीर की लोकतांत्रिक सरकार की असलियत यही है

# नेशनल कॉन्फ्रेंस का विधायक आतंकवादी बनना चाहता था

**श्रीनगर, 09 नवंबर (एजेंसियां)।**

सुप्रीम कोर्ट के दबाव में जम्मू कश्मीर में हुए विधानसभा चुनाव के बाद चुनी गई लोकतांत्रिक सरकार की लोकतांत्रिक असलियत यह है कि सत्ताधारी दल नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक कैसर जमशेद लोन ने खुद ही यह सार्वजनिक स्वीकारोक्ति की है कि वह आतंकवादी बनना चाहता था। नेकां विधायक के इस कबूलनामे पर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला समेत सारे नेता चुप्पी साधे हुए हैं। दूसरी तरफ, पिछले कुछ दिनों से विधानसभा में अनुच्छेद 370 की पुनरबहाली की मांग को लेकर बवाल जारी है।

नेशनल कॉन्फ्रेंस से पहली बार विधायक बने कैसर जमशेद लोन ने सार्वजनिक स्वीकारोक्ति में कहा कि वे आंतकी बनना चाहते थे लेकिन एक सीनियर अफसर के कारण वे ऐसा नहीं कर पाए। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में उपराज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश किए जाने के दौरान लोन ने जब यह बात कही तो पूरा सदन भौंचक्का रह गया। लोन ने सदन में अपने भाषण में कहा, जब मैं युवा था, तब मेरे क्षेत्र में कार्रवाई हुई थी। मुझे 32 युवकों के साथ पूछताछ के लिए ले जाया गया था। एक आर्मी अफसर ने मुझसे एक ऐसे युवक के बारे में पूछा जो आतंकियों में शामिल हो गया था। मैं उस



**विधायक कैसर जमशेद लोन ने की सार्वजनिक स्वीकारोक्ति**

**जम्मू कश्मीर विधानसभा में अनुच्छेद 370 पर बवाल जारी**

युवक को जानता था। इसके लिए मेरी पिटाई की गई। फिर उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या कार्रवाई के दौरान आतंकी मौजूद था। मैंने न में जवाब दिया और मेरी फिर से पिटाई की गई। अफसरों ने मुझसे पूछा कि जिंदगी में क्या बनना चाहते तो, तो मैंने उनसे कहा कि मैं आतंकवादी बनना चाहता हूं। इस कारण मुझे बहुत यातनाएं झेलनी पड़ीं। ▶10 पर

लोन ने सदन में यह भी बताया कि उनके साथ जिन 32 युवकों से पूछताछ की गई थी उनमें से 27 युवक आतंकवादी संगठनों में शामिल हो गए थे। लोन ने सेना के अफसर का धन्यवाद किया कि उन्होंने मार्गदर्शन नहीं किया होता तो शायद मैं आतंकवादी बन गया होता।

दूसरी तरफ, पिछले कुछ दिनों से विधानसभा में अनुच्छेद 370 की पुनरबहाली की मांग को लेकर बवाल जारी है। विधानसभा में अनुच्छेद 370 की बहाली पर लाए गए प्रस्ताव पर मचे बवाल से जम्मू और कश्मीर में खाई गहरी होती नजर आ रही है। विधानसभा में उमर सरकार के विशेष दर्जे के प्रस्ताव के बाद सत्तापक्ष और विपक्ष में हंगामा जारी है। हालांकि अनुच्छेद 370 और 35 ए से बचते हुए नेकां ने विशेष दर्जे का प्रस्ताव लाकर कश्मीर केंद्रित वोटरों में अपनी जगह बनाने की कोशिश की है तो भाजपा इसे अनुच्छेद 370 और 35 ए से जोड़कर जम्मू संभाग में डंका बजा रही है। आगामी पंचायती और स्थानीय निकाय चुनाव में भी सभी प्रमुख दल अपने वोट बैंक को बनाकर रखना चाहते हैं। राजनीतिक विशेषज्ञ इसे सिर्फ राजनीति मान रहे हैं। उनका कहना है कि विधानसभा में जनता से जुड़े वास्तविक मुद्दों पर दोनों ▶10 पर

केवल भाजपा ही नहीं, केरल के सीएम ने भी उठाए सवाल

## प्रियंका गांधी क्यों ले रही जमात-ए-इस्लामी का साथ?

**वायनाड, 09 नवंबर (एजेंसियां)**



**जमात-ए-इस्लामी रैडिकल इस्लामिस्ट संगठन है: विजयन**

केरल की वायनाड लोकसभा सीट से उपचुनाव लड़ रही प्रियंका गांधी पर राज्य के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने जमात-ए-इस्लामी का जिक्र कर निशाना साधा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रियंका गांधी वाड्रा जमात-ए-इस्लामी के समर्थन से चुनाव लड़ रही हैं और जमात का नजरिया लोकतांत्रिक व्यवस्था के पक्ष में नहीं है। सीपीआई (एम) के उम्मीदवार के लिए प्रचार करते हुए उन्होंने कहा, प्रियंका गांधी जमात-ए-इस्लामी के समर्थन से चुनाव लड़ रही हैं। इसे लेकर कांग्रेस का क्या रुख है? हमारा देश जमात-ए-इस्लामी से अपरिचित नहीं है। जमात का नजरिया लोकतांत्रिक व्यवस्था के पक्ष में नहीं है, वह इस्लामी शासन के पक्ष में हैं। सीएम विजयन ने कहा, जमात-ए-इस्लामी लोकतांत्रिक दल नहीं, बल्कि कट्टरपंथी (रैडिकल) इस्लामिक संगठन है।

केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा कि जमात-ए-इस्लामी हिंद की राजनीतिक पार्टी वेलफेयर पार्टी ऑफ इंडिया (डब्लूपीआई) है। जिसे जमात एक एक ढाल की तरह इस्तेमाल कर रही है। वेलफेयर पार्टी ने इस सप्ताह की शुरुआत में राज्य में आगामी उपचुनावों में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) को अपना समर्थन दिया था। सीएम विजयन ने जम्मू और कश्मीर की जमात-ए-इस्लामी का भी जिक्र किया,जो जमात-ए-इस्लामी हिंद (जमात देश के कई हिस्सों में काम करने वाला एक संगठन है) ▶10 पर

## कार्टून कॉर्नर




**मौसम हैदराबाद**

अधिकतम : $31^0$
न्यूनतम : $19^0$

बीदर के ऐतिहासिक किले के साथ-साथ 17 प्राचीन स्मारकों पर वक्फ बोर्ड का दावा

# जल्दी ही सम्पूर्ण भारत को अपनी बपौती बताने वाला है वक्फ बोर्ड!

**बेंगलुरु, 09 नवंबर (एजेंसियां)।**

कर्नाटक वक्फ बोर्ड ने बीदर के ऐतिहासिक किले के साथ-साथ किले की 17 प्राचीन स्मारक सम्पत्तियों पर अपना दावा ठोक दिया है। जबकि इन सभी स्मारकों का संरक्षक है आर्केयोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) है। विडंबना यह है कि एएसआई की सम्पत्ति पर दावा ठोकने वाला वक्फ बोर्ड एएसआई को जानकारी देने की भी जरूरत नहीं समझा। एएसआई के एक आला अधिकारी ने कहा, वक्फ बोर्ड जल्दी ही सम्पूर्ण भारतवर्ष को अपनी सम्पत्ति बताने वाला है।

वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 लाए जाने के बाद से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वक्फ बोर्ड बुरी तरह से हिल गया है। कर्नाटक में तो वह लगातार सम्पत्तियों पर मनमाने तरीके से दावे करता जा रहा है। इसी क्रम में उसने अब बीदर जिले में स्थित ऐतिहासिक बीदर किले पर भी अपना दावा ठोंक दिया है। वक्फ बोर्ड ने किले के अंदर 17 सम्पत्तियों को वक्फ सम्पत्ति घोषित किया है। वक्फ बोर्ड की इस हरकत के बाद जिला प्रशासन का कहना है कि किले के अंदर जिन सम्पत्तियों को




**पुरातत्व विभाग के अधीन पौराणिक किले और स्मारक सब वक्फ के**

वक्फ ने अपना बताया है वो सभी किले के सबसे प्रमुख स्थलों में से एक हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि सभी प्रमुख स्मारकों की ही तरह ये किला भी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) के स्वामित्व के तहत आता है। लेकिन, वक्फ के इन दावों की जानकारी अभी तक एएसआई को है ही नहीं।

खास बात ये है कि बीदर किले के अंदर जिन 17 सम्पत्तियों पर वक्फ बोर्ड ने दावा किया है, उनमें प्रसिद्ध 16 खंभा (सोलह स्तंभ) मस्जिद, विभिन्न बहमनी शासकों और उनके परिवार के सदस्यों की 14 कब्रें शामिल हैं, जिनमें अहमद शाह-4, अहमद शाह की बीवी, अलाउद्दीन, हसन खान, मोहम्मद शाह-3, निजाम, सुल्तान अहमद शाह वली और सुल्तान महमूद शाह शामिल हैं। वक्फ बोर्ड के एक अधिकारी ने यह स्वीकार किया कि वक्फ बोर्ड इस मामले में एएसआई को नोटिस नहीं जारी करता है। जबकि दशकों से ऐतिहासिक इमारतों का संरक्षक एएसआई ही रहा है। वक्फ के अधिकारी ने ही कहा कि वक्फ बोर्ड की हरकतों के कारण मुस्लिमों का नाम खराब हो रहा है। गौरतलब है कि हाल में एक आरटीआई के जरिए पता चला था कि केवल कर्नाटक में ही कम से कम 53 ऐतिहासिक स्मारकों पर वक्फ बोर्ड अपना दावा कर रहा है। इन स्मारकों में कर्नाटक के प्रसिद्ध कलबुर्गी का किला, गोल गुम्बज, विजयपुरा का बड़ा कमान, ▶10 पर



# श्रीकृष्ण की किस लीला से जुड़ा है गोपाष्टमी का पर्व



गोपाष्टमी का पर्व गायों को समर्पित पर्व है, जिसे कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। खासतौर पर वृंदावन, मथुरा और बृज जैसे क्षेत्रों के लिए यह प्रमुख त्योहार है। हिंदू धर्म और शास्त्रों में भी गाय को देवी-देवता समान पूजनीय माना जाता है। गायों की पूजा और सेवा से कष्ट दूर होते हैं और मनोकामनाओं की पूर्ति होती है।

श्रीकृष्ण की सभी लीलाओं में गोपाष्टमी को आनंदमय, अद्भुत और महत्वपूर्ण लीला माना जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार कार्तिक शुक्ल की अष्टमी तिथि के दिन ही सबसे पहली बार नंद महाराज ने अपने कान्हा और बलराम को पहली बार गाय चराने के लिए भेजा था। इसलिए हर साल इस तिथि पर गोपाष्टमी मनाई जाती है। इस साल गोपाष्टमी आज शनिवार, 9 नवंबर 2024 को है।

### कृष्ण की किस लीला से जुड़ा है गोपाष्टमी पर्व

पौराणिक मान्यता के अनुसार, श्रीकृष्ण जब छह वर्ष के हुए तो उसने मैया यशोदा से कहा- मैया अब में बड़ा हो गया हूं। मैं गाय-बछड़ों को चराना चाहता हूं। वे बार-बार गाय चराने की जिद्द करने लगे। अपने लड्डू गोपाल के हठ के आगे आखिरकार मैया को हार माननी पड़ी।

यशोदा मैया ने नंद बाबा को गाय चराने के मुहूर्त के लिए शांडिल्य ऋषि के पास भेजा। जिस दिन नंद बाबा शांडिल्य ऋषि के पास गए और आश्चर्य की बात यह रही कि इसी दिन गाय चराने की शुभ मुहूर्त भी था। इसके बाद कार्तिक शुक्ल की अष्टमी तिथि से कृष्ण ने गौ-चरण लीला शुरू की।

### गोपाष्टमी पर क्या करते हैं

गोपाष्टमी के दिन लोग अपने गाय-बछड़ों का स्नान कर उन्हें वस्त्र-आभूषण पहनाकर सजाते हैं। रोली-चंदन का तिलक लगाकर फूल, माला अर्पित की जाती है।

साथ ही दीप भी जलाया जाता है। गायों को हरी खास खिलाकर उनकी परिक्रमा की जाती है। इस दिन ग्वालों को यथाशक्ति दान-दक्षिणा देना चाहिए। गोपाष्टमी के पूजन से घर पर सुख-शांति, समृद्धि और धन-संपदा का आगमन होता है।


## गौमाता में सभी देवों और देवियों का निवास है


**गोमय वसते लक्ष्मी**
**गोमूत्रे सर्व मंगला (पद्म पुराण 1.48.164)**

हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार गाय में सभी देवों और देवियों का निवास है। नंदी भगवान शिव के प्रियतम हैं। अपने कृष्ण अवतार में श्री हरि ने गोपाल के रूप में अपना जीवन गायों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। गोपाष्टमी वह दिन है जब उन्होंने गाय चराने वाले के रूप में जिम्मेदारी संभाली थी। यह अकारण नहीं है कि युगों-युगों तक भारतवर्ष में सभी महापुरुषों ने गौवंश का पालन-पोषण और संरक्षण किया है। पांडवों ने गौवंश की रक्षा के लिए विराटनगर का युद्ध लड़ा और 14 वर्ष का वनवास जोखिम में डाला। अर्जुन ने गौवंश की रक्षा के लिए वनवास चुना। सुरभि गाय के चोरी हो जाने पर परशुराम जी ने सहस्र अर्जुन से कई युद्ध किए। राजा कौशिक के ब्रह्मर्षि विश्वामित्र बनने का कारण कामधेनु गाय बनी।

गौ माता के अस्तित्व में कुछ ऐसा अद्भुत है जो इन्हें विशेष बनाता है। धेनु सदनं रयेनाम् - अथर्ववेद 11.1.34 में कहा गया है कि गाय सभी लाभों का भंडार है। च्यवन ऋषि ने अपने जीवन का मूल्य एक गाय के बराबर आंका। देशी गाय के दूध से निकला हुआ घी देवलोक के पोषण हेतु यज्ञ में आवश्यक सामग्री है। ऐसा कहा जाता है कि यदि आप नियमित रूप से गौमाता को चारा खिलाते हैं और वे यदि आपके सिर को चाटती हैं तो आपकी छिपी हुई मानसिक क्षमताएं फलीभूत होती हैं । यह महान संत कबीर के लिए सच था, उनकी काव्यात्मक क्षमताएं केवल तभी प्रकट हुईं जब गौमाता ने उनके सिर को चाटा। दुनिया भर में गौवंश के साथ बातचीत के लाभों को स्वीकार किया जा रहा है। पश्चिम में गौमाता को गले लगाना एक तेजी से लोकप्रिय उपचार बनता जा रहा है। इसने काव कडलिंग कहा जाता है।

माना जाता है कि गोधूलि की बेला में जब शाम को चरने के बाद गायें घर लौटती हैं तो उनके खुरों से उड़ने वाली धूल गौवंश की सेवा करने वाले व्यक्ति को सभी बीमारियों से छुटकारा दिलाती है।





आज के आधुनिक युग और समय में भी ध्यान फाउंडेशन ने अपने 45 से अधिक गौशालाओं के माध्यम से देश भर में गौवंश का पोषण और सुरक्षा करके हमारे पूर्वजों की विरासत और ज्ञान को संरक्षित किया है। इन गौशाला में ज्यादातर बूढ़े, परित्यक्त, अनाथ, बीमार, घायल, अनुत्पादक गौवंश को पुर्नवासित किया गया है। इन्हें पुलिस और सीमा सुरक्षा बलों ने तस्करी से बचाया है। गौमाता जैसे अद्भुत जीव का आशीर्वाद पाने के लिए गोपाष्टमी के शुभ मुहूर्त में इन गौशालाओं में यज्ञ और गो पूजा आयोजित की जाएगी।

**-अश्विनी गुरुजी**

## घर में सुख समृद्धि और वैभव के लिए लगाएं कामधेनु गाय की मूर्ति

घर को सुंदर बनाने के लिए लोग अपने घर में तरह तरह के शो-पीस और तस्वीरें आदि लगाते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में सजावट के रूप में इस्तेमाल होने वाली चीजों का संबंध व्यक्ति के जीवन से जुड़ा होता है। घर या फिर कार्यक्षेत्र में लगाई जाने वाली ये तस्वीरें यदि वास्तु के हिसाब से शुभ हों तो आपके जीवन में सकारात्मकता लाती हैं। वहीं घर में लगाई जाने वाली कुछ तस्वीरे आपके ऊपर नकारात्मक प्रभाव भी डाल सकती हैं। ज्योतिषाचार्या नीतिका शर्मा ने बताया कि वास्तु में ऐसी कई शुभ अशुभ चीजों के बारे में विस्तार से बताया गया गया है। ऐसी ही एक चीज है कामधेनु गाय की मूर्ति। वास्तु के अनुसार, घर में कामधेनु गाय की मूर्ति लगाना शुभ माना गया है। ऐसी मान्यता है कि घर में सही दिशा में कामधेनु गाय की मूर्ति रखने से घर में सुख, समृद्धि और वैभव आता है। साथ ही परिवार के सदस्य हमेशा खुशहाल जीवन जीते हैं।

### पूर्वोत्तर दिशा में लगाएं कामधेनु गाय की मूर्ति

यदि आप कामधेनु गाय की मूर्ति घर पर लगाना चाहते हैं, तो ईशान कोण यानी पूर्वोत्तर दिशा में लगाएं। हिंदू धर्म में मान्यता है कि इस दिशा में देवी देवताओं का वास होता है। साथ ही इसे सबसे पवित्र स्थान माना जाता है। ऐसे में इस दिशा में कामधेनु गाय की मूर्ति लगाना आपके लिए शुभ होगा।

### पूजा घर में रखें कामधेनु गाय की मूर्ति

कामधेनु गाय की मूर्ति को आप पूजा घर में स्थापित कर सकते हैं। इसके अलावा आप अपने घर के मुख्य दरवाजे पर भी इस मूर्ति को स्थापित कर सकते हैं।

### धातु की मूर्ति घर में लगाएं

घर में कामधेनु गाय की प्रतिमा किसी भी धातु में लगाई जा सकती है। यदि आप धातु की मूर्ति नहीं रख पा रहे हैं तो सामान्य कामधेनु की तस्वीर भी लगा सकते हैं।



### कामधेनु गाय की मूर्ति से लाभ

मान्यता है कि कामधेनु गाय की कृपा जिस पर बनी रहती है, उस घर के सदस्य कभी भी आर्थिक संकट से नहीं जूझते हैं। वास्तु के अनुसार कामधेनु गाय में मां दुर्गा, मां लक्ष्मी और देवी सरस्वती के गुण मौजूद होते हैं। ऐसे में कामधेनु गाय की तस्वीर लगाने से भी कई लाभ मिलते हैं।

## शनि देव 15 नंवबर से इन राशि वालों की उड़ा देंगे नींद

### अभी से शुरु कर दें शनि के उपाय

शनि मार्गी 15 नवंबर 2024 को शाम 05 बजकर 9 मिनट पर कुंभ राशि में मार्गी होंगे। शनि के मार्गी होते ही इसका नकारात्मक असर कुछ राशियों पर देखने को मिलेगा, इन्हें आर्थिक के साथ मानसिक और शारीरिक कष्ट भी सेहने पड़ सकते हैं।

नवंबर में शनि के मार्गी होने के बाद कन्या, मीन, सिंह और कर्क राशि वालों को संभलकर रहना होगा। इन राशियों पर मार्गी शनि के अशुभ प्रभाव पड़ेंगे। शनि के दुष्प्रभाव से बचने के लिए रोजाना शनि के मंत्रों का जाप करें। ॐ शं शनैश्चराय नमः मंत्र का 108 बार जप करें। शनि चालीसा का पाठ करने से शनि के प्रकोप से मुक्ति मिलती है। मार्गी शनि जिन राशियों को पर बुरा प्रभाव डालेंगे। वह शनिवार के दिन आर्थिक समस्याओं से बचने के लिए काली माता मन्दिर में लोहे का त्रिशूल दान कर सकते हैं। इसके अलावा यह त्रिशूल शिव मंदिर में भी दान किया जा सकता है।




### गरीबों की सेवा करने से कौन सा ग्रह अशुभ होने के बाद भी देने लगता है शुभ फल

शनि गरीब एवं जरुरतमंद लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसे में जो लोग गरीब, विकलांग, वृद्ध और जरुरतमंद व्यक्तियों की सेवा और उनके साथ अच्छा व्यवहार करते हैं उन्हें शनि के शुभ परिणाम मिलता है। गरीब की मानसिक, आर्थिक रूप से मदद करने पर कुंडली में शनि ग्रह मजबूत होता है। तरक्की के रास्ते खुलते हैं और धन आगमन नहीं रुकता। शनि की साढ़ेसाती और ढैय्या से मुक्ति पाना है तो सप्ताह के किसी भी दिन खासकर शनिवार को मंदिर के बाहर बैठे, राह चलते जरुरतमंद, आपके घर में काम करने वाले लोगों की यथाशक्ति मदद करें। उन्हें अन्न, धन, वस्त्र दान दें। इस उपाय से शनि देव प्रसन्न होते हैं। मान्यता है इससे संतान प्राप्ति में आ रही अड़चने दूर होती है। व्यक्ति वैवाहिक जीवन में भी खुशहाली पाता है। शनि देव को प्रसन्न करने के लिए गरीबों को काले तिल से बने मिष्ठान, सरसों का तेल दान करना चाहिए। शनि देव की प्रसन्नता प्राप्त करने के लिए शनिवार की शाम पीपल वृक्ष की तीन बार परिक्रमा करें। सरसों के तेल का दीपक लगाकर शनि चालीसा का पाठ करें और जरुरतमंदों को मीठा दान करें।

शनि मार्गी होने के बाद घर के नजदीक किसी शनि मन्दिर में सरसों का तेल जरूर अर्पित करे और इस दिन पीपल के पेड़ में जल अर्पित करें व दीया जलाएं। ये उपाय आर्थिक संकट से बचाता है। शिव और हनुमान जी की पूजा रोजाना करें। इससे शनि प्रसन्न होते हैं और शनि के कष्टों से मुक्ति मिलती है। शिवलिंग पर रोजाना एक लौटा जल चढ़ाएं और हनुमान जी को मंगलवार के दिन चोला चढ़ाएं।

## जानें कार्तिक पूर्णिमा पर शालिग्राम और तुलसी पूजा का क्या महत्व है




कार्तिक पूर्णिमा के दिन शालिग्राम के साथ ही तुलसी जी की पूजा की जाती है। इस दिन तुलसी पूजन का बहुत अधिक महत्व होता है। इस दिन तीर्थ पूजा, गंगा पूजा, विष्णु पूजा, लक्ष्मी पूजा और यज्ञ और हवन का भी बहुत अधिक महत्व होता है। इस दिन किए हुए स्नान, दान, होम, यज्ञ और उपासना का अनंत फल होता है। इस दिन तुलसी के सामने दीपक जरूर जलाएं। जिससे आपके मनोकामना पूरी हो और दरिद्रता दूर हो सके।

**जरूरतमंदों को करें दान**

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डॉ। अनीष व्यास ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन दान करने से दस यज्ञों के समान फल प्राप्त होता है। इस दिन दान का बहुत अधिक महत्व होता है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन अपनी क्षमता अनुसार अन्न दान, वस्त्र दान और अन्य जो भी दान कर सकते हों वह जरूर करें। इससे घर परिवार में धन-समृद्धि और बरकत बनी रहती है।

**भगवान शिव बने थे त्रिपुरारी**

पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नामक महाबलशाली असुर का वध इसी दिन किया था। इससे देवताओं को इस दानव के अत्यानचारों से मुक्ति मिली और देवताओं ने खुश होकर भगवान शिव को त्रिपुरारी नाम दिया।

**विष्णु जी का प्रथम अवतार**

भगवान विष्णुव का प्रथम अवतार भी इसी दिन हुआ था। प्रथम अवतार के रूप में भगवान विष्णुष मत्स्य यानी मछली के रूप में प्रकट हुए थे। इस दिन सत्यमनारायण भगवान की कथा करवाकर जातकों को शुभ फल की प्राप्ति हो सकती है।

### कार्तिक पूर्णिमा पर तिल स्नान से मिलेगी शनि दोषों से राहत

कार्तिक पूर्णिमा पर तिल जल में डालकर स्नान करने से शनि दोष समाप्त होंगे। खासकर शनि की साढ़ेसाती। वही कुंडली में पितृ दोष, चांडाल दोष, नदी दोष की स्थिति यदि है तो उसमें भी शीघ्र लाभ होगा।

### राशि अनुसार आपको किन चीजों का दान करना चाहिए

| | | | |
|---|---|---|---|
| मेष | गुड़ | वृश्चिकृ | गुड़ और चना |
| वृष | गर्म कपड़े | धनु | गर्म खाने की चीजें, जैसे बाजरा |
| मिथुन | मूंग की दाल | | |
| कर्क | चावल | मकर | कंबल |
| सिंह | गेहूं | कुंभ | काली उड़द की दाल |
| कन्या | हरे रंग का चारा | मीन | हल्दी और बेसन की मिठाई |
| तुला | भोजन | | |

# भूल भुलैया 3 ने पार किया 150 करोड़ रुपए का आंकड़ा



कार्तिक आर्यन की हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 को ठीक एक सप्ताह पहले सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था।पहले दिन से ही फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन जारी है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से इसकी कमाई में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।कामकाजी दिनों में फिल्म का हर गुजरते दिन के साथ घटता जा रहा है। अब भूल भुलैया 3 की कमाई के छठे दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, भूल भुलैया 3 ने अपनी रिलीज के सातवें दिन यानी पहले गुरुवार को 9.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 158.25 करोड़ रुपये हो गया है।भूल भुलैया 3 में कार्तिक की जोड़ी अभिनेत्री तृप्ति डिमरी के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जा रहा है।

दोनों की केमिस्ट्री को दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं।विद्या बालन और माधुरी दीक्षित भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।भूल भुलैया 3 के निर्देशक अनीस बाज्मी हैं। छोटे पंडित के रूप में राजपाल यादव, पंडिताइन के रोल में अश्विनी कालसेकर और बड़े पंडित के किरदार में संजय मिश्रा की तिकड़ी दर्शकों का जमकर मनोरंजन कर रही है।भूल भुलैया 3 2007 में आई फिल्म भूल भुलैया का तीसरा भाग है। इस फिल्म का सीक्वल 2022 में आया था, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुआ।निर्देशन बज्मी ने इस फ्रेंचाइजी की चौथी किस्त पर मुहर लगा दी है।

# अलाया एफ ने शॉर्ट आउटफिट में कराया हॉट फोटोशूट



एक्ट्रेस अलाया एफ ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट से सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर कुछ हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वे शॉर्ट आउटफिट में नजर आ रही हैं। इस फोटोशूट में अलाया ने सफेद काउच पर किलर पोज दिए हैं, जिससे उनके फैंस काफी प्रभावित हो रहे हैं। तस्वीरों में उनका लाइट मेकअप और खास अंदाज में बंधे हुए बाल उनके लुक को और भी आकर्षक बना रहे हैं। अलाया का यह बोल्ड अंदाज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, और फैंस इन तस्वीरों पर जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं।अभिनेत्री अलाया एफ की तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं। एक्ट्रेस आए दिन अपनी बोल्ड और सेंसुअस अदाओं का जलवा इंटरनेट पर बिखेरती रहती हैं। हालांकि एक बार फिर अलाया एफ की लेटेस्ट हॉट फोटोज देख कर फैंस उनके दीवाने हो गए हैं।एक्ट्रेस अलाया एफ ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान एक बार फिर बेबाकि से कैमरे के सामने अपने हुस्न का जादू चलाया है।उनका मुड़कर पोज देते हुए कैमरे के सामने कातिलाना अंदाज से देखना फैंस के दिलों पर खंजर चला रहा है।अलाया एफ का यह स्टाइलिश अवतार उनके फैशन सेंस और आत्मविश्वास को दर्शाता है। फैंस ने उनकी तारीफ में लिखा कि उनकी हॉटनेस ने वाकई सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है।अलाया एफ के वर्कफ्रंट की बात की जाए तो एक्ट्रेस ने सैफ अली खान की फिल्म जवानी जानेमन से बॉलीवुड डेब्यू किया था।

# पुष्पा 2 का ट्रेलर हो रहा लोड, फिल्म से आया अल्लू अर्जुन-फहाद फासिल का धांसू पोस्टर




अल्लू अर्जुन की मोस्ट अवेटेड फिल्म पुष्पा 2 एक महीने बाद 5 दिसंबर को रिलीज होने जा रही है। फैंस को पुष्पा 2 का बेसब्री से इंतजार है, इसी बीच मेकर्स भी इस फैस की एक्साइटमेंट को बरकरार रखना चाहते हैं। वे एक के बाद एक अपडेट फिल्म से शेयर कर रहे हैं हाल ही में मेकर्स ने एक धांसू पोस्टर शेयर किया है। जिसमें फिल्म के हीरो अल्लू अर्जुन और विलेन फहद फासिल नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा- पुष्पा द रूल के लिए एक महीना बाकी है। खुद को तैयार रखें - साल की सबसे बड़ी भारतीय फिल्म एक महीने में सिनेमाघरों में धमाका करने के लिए तैयार है। ट्रेलर जल्द ही धमाका करेगा।पुष्पा 2 से नया पोस्टर रिलीज करते हुए मेकर्स ने अनाउंस किया कि जल्द ही फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फिल्म की टीम नवंबर में शुरू होने वाले 6 शहरों के बड़े दौरे के लिए पूरी तरह तैयार है। अल्लू अर्जुन 15 नवंबर से पटना, कोच्चि, चैन्नई, बेंगलुरु, मुंबई और हैदराबाद का दौरा करेंगे। इन 6 शहरों का दौरा 15 नवंबर के आसपास एक मेगा ट्रेलर लॉन्च इवेंट के साथ शुरू होगा। अगर सबकुछ प्लान के मुताबिक रहा तो ट्रेलर लॉन्च इवेंट पटना में होगा।देखा जाए तो बाहुबली 2 के बाद पुष्पा 2 भारतीय सिनेमा का सबसे चर्चित सीक्वल है, और उम्मीद है कि फिल्म कमाई में भी रिकॉर्ड तोड़ेगी। अगर आने वाले 30 दिनों में सब कुछ ठीक रहा, तो पुष्पा 2 अब तक की सबसे बड़ी ओपनर के साथ-साथ भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनकर हिंदी में नई ऊंचाइयां छू सकती है। फिलहाल दर्शक ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार हैं। बता दें पहले पुष्पा 6 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब यह 5 दिसंबर को सिनेमा घरों में धमाका करने के लिए तैयार है।दिवाली के मौके पर सुपरस्टार अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना ने अपने नए पुष्पा 2: द रूल पोस्टर के साथ आतिशबाजी शुरू कर दी है, जिसे फैंस के साथ दिवाली मनाने के लिए शेयर किया गया है। पोस्टर में अल्लू अर्जुन अपने पुष्पा राज के किरदार में और रश्मिका अपने श्रीवल्ली अवतार में नजर आ रही हैं। बैकग्राउंड में लग रहा है कि दोनों किचन में हैं और एक-दूसरे की आंखों में देख रहे हैं। नए पोस्टर के आने के साथ ही फैंस के बीच एक्साइटमेंट बढ़ गया है। नए पोस्टर के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा- हैप्पी दिवाली।

# द राजा साहब संग तेलुगू फिल्मों में डेब्यू करेंगी मालविका मोहनन



## बोलीं- प्रभास से बेहतर कुछ नहीं

तमिल सिनेमा की खूबसूरत अभिनेत्री मालविका मोहनन अब तेलुगू फिल्म में डेब्यू को तैयार हैं। मालविका बाहुबली स्टार प्रभास संग नजर आएंगी।मालविका मोहनन द राजा साहब के साथ तेलुगू फिल्मों में डेब्यू के लिए तैयार हैं। द राजा साहब के बारे में मालविका ने कहा सुपरस्टार प्रभास से बेहतर कुछ नहीं हो सकता है। मालविका ने कहा यह मेरी तेलुगू डेब्यू है और मैंने इसके लिए लंबे समय तक इंतजार किया है। अभिनेत्री ने कहा कि मैं चाहती थी कि तेलुगू इंडस्ट्री में कदम रखने के लिए मेरे पास सही फिल्म आए। उन्होंने आगे कहा मुझे लगता है कि प्रभास सर से बेहतर कुछ नहीं हो सकता है।रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म द राजा साहबळ के बारे में अभिनेत्री ने कहा बहुत मजेदार फिल्म है, जो दर्शकों को काफी पसंद आने वाला है। मोहनन ने कहा यह हल्की-फुल्की फिल्म है और दर्शकों को आकर्षित करेगी, हम अभी इसकी शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म की रिलीज डेट को लेकर अभिनेत्री ने कहा द राजा साहब अगले साल अप्रैल में रिलीज हो सकती है, दर्शकों के साथ मैं भी फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रही हूं।मालविका मोहनन इन दिनों सरदार 2ळ की शूटिंग में व्यस्त हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभिनेत्री ने फिल्म की एक झलक साझा की। उन्होंने दो तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह एक्शन सीन्स के लिए तैयार होती देखी जा सकती हैं।पोस्ट में मालविका एक स्टंट के लिए तैयार नजर आईं। अभिनेत्री ने कैप्शन में एक लंबा नोट भी लिखा और बताया कि चुनौतीपूर्ण सीन्स की शूटिंग कैसे होती है। मालविका ने लिखा सरदार 2ळ के लिए कुछ चुनौतीपूर्ण स्टंट सीक्वेंस शूट किए और सोचा कि मैं आप लोगों को दिखाऊं कि हम अपने कॉस्ट्यूम के अंदर जो बचाव के लिए हार्नेस पहनते हैं वह कैसा दिखता है।थंगालान के कुछ सीन्स के लिए मुझे पहले रस्सी पर काम करना बहुत मुश्किल और कठिन लगता था, लेकिन अब ट्रेनिंग के साथ यह आसान हो गया है।अभिनेत्री ने बताया मुझे हाल ही में 100 मीटर की ऊंचाई से कूदना पड़ा, जो मजेदार नहीं था। उन्होंने आगे बताया मुझे अब इसमें महारत हासिल है और जब आप तकनीकी और शॉट सही तरीके से करते हैं तो यह बहुत ही रोमांचक हो जाता है। लास्ट में उन्होंने मजेदार अंदाज में कहा लड़कों को ही सारा मजा क्यों मिलना चाहिए!.



# विक्की कौशल की छावा की रिलीज टली अब पुष्पा 2: द रूल से नहीं होगा सामना

पिछले लंबे समय से विक्की कौशल अपनी फिल्म छावा को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, जिसके निर्देशन की कमान लक्ष्मण उतेकर ने संभाली है।इस फिल्म में विक्की की जोड़ी पहली बार अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के साथ बनी है।यह फिल्म 6 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब खबर आ रही है कि निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज टाल दी है।आइए जानते हैं निर्माताओं ने यह फैसला क्यों लिया है।रिपोर्ट के मुताबिक, छावा अब अगले साल की शुरुआत में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म की नई रिलीज तारीख का ऐलान जल्द किया जाएगा।ऐसा कहा जा रहा है कि निर्माताओं ने अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 के साथ टकराव से बचने के लिए यह फैसला लिया है।यह फिल्म 5 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में भी रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में हैं।छावा में विक्की महान मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभा रहे हैं।इस फिल्म में अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा और दिव्या दत्ता जैसे कलाकार भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।फिल्म की टीजर पहले ही सामने आ चुका है, जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिला।हाल ही में विक्की और रश्मिका ने मुंबई में 700 बैकग्राउंड डांसर्स के साथ फिल्म का एक खास गाना शूट किया है।





## जिस जगह पर भगवान राम ने की महादेव की पूजा

# पवित्र मंदिर के पास खड़ी कर दी मस्जिद और मजार







**बांदा, 09 नवंबर (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के बांदा में जिस जगह पर भगवान राम ने भगवान शंकर को जलाभिषेक की थी, वहां अवैध रूप से एक मस्जिद बना दी गई है। इसको लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने विरोध प्रदर्शन किया है और उस अवैध मस्जिद को गिराने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। बाम्बेश्वर पर्वत पर स्थित उस शिवलिंग को बमदेव भोलेनाथ की मंदिर के नाम से जाना जाता है।

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल का आरोप है कि कोरोना काल के जब हर तरफ लॉकडाउन था, उस दौरान इस पर्वत पर मुस्लिमों ने चुपके से एवं अवैध रूप से मस्जिद का निर्माण कर लिया था। वीएचपी के मंडल अध्यक्ष अशोक ने कहा कि वहाँ पर आधा दर्जन मजारें भी बना ली गई हैं। पहाड़ पर रोज फतिहा और हर शुक्रवार को जुमे की नमाज पढ़ी जाती है। हिंदू संगठनों का आरोप है कि इस जगह पर कोई मुस्लिम बस्ती नहीं थी, लेकिन अब काफी तादाद में यहां मुस्लिम रहने लगे हैं। इससे सुरक्षा को लेकर खतरा पैदा हो गया है। ऐसे में मस्जिद और अवैध ढांचों को गिराने के लिए विश्व हिंदू परिषद के अधिकारियों ने जिला कलक्टर और पुलिस कप्तान के साथ-साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है।

पत्र में कहा गया है कि इस्लाम धर्म के लोग भारत का इस्लामीकरण करा रहे हैं। हिंदू संगठनों का कहना है कि वे इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। अगर सरकार ने इसे नहीं हटाया तो वे इस मस्जिद को गिरा देंगे। हिंदू संगठनों की मांग है कि अवैध मस्जिद एवं मकबरे का बनाने वालों को तत्काल जेल में डाला जाना चाहिए और अवैध ढांचों एवं उसे बनाने वालों के मकानों पर बुलडोजर चलना चाहिए। विश्व हिंदू परिषद के चंद्रमोहन बेदी ने कहा कि यह पर्वत बहुत पुराना है। यहां पर पीछे की तरफ कुछ लोगों ने अवैध रूप से मजार बनाई और फिर उसे धीरे-धीरे मस्जिद में बदल दिया। उन्होंने कहा कि लोगों को अंधविश्वास में डाल दिया और जगह हथिया ली। उन्होंने पूछा कि जब सतह पर पत्थर ही पत्थर हैं तो मजार कैसे बन सकती है। मजार बनाने के लिए खुदाई होती है, लेकिन पत्थर पर खुदाई कैसे होगी।

वीएचपी के महामंत्री दीपू दीक्षित ने बताया कि शुरू में मुस्लिमों ने पर्वत के एक पत्थर को हरे रंग से पोता फिर धीरे-धीरे इस पर मजार बनाई। फिर इस पर एक बड़ी मस्जिद बना दी। इसके बाद काफी लोग यहाँ टोपी लगाकर आना शुरू हो गए। दीपू ने कहा कि यह एक कैंसर का रूप है। इसे तत्काल जड़ से काटकर फेंक देना चाहिए, वरना यह पूरे शरीर को खराब कर देगा। बाम्बेश्वर पर्वत पर बने प्राचीन मन्दिर के पुजारी पुत्तन महाराज ने और मंदिर कमिटी के अध्यक्ष ने भी मस्जिद का विरोध किया है। उनका कहना है यह यह स्थिति अयोध्या और काशी मथुरा जैसी बन सकती है। इस मंदिर को लेकर मान्यता है कि भगवान राम ने अपने वनवास के दौरान यहाँ के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया था। इस दौरान भगवान शंकर ने उन्हें दर्शन दिया था।

## मैनपुरी में सीएम योगी ने साधा अखिलेश पर निशाना

# नेता जी को हो रहा होगा कष्ट पुत्र ने गिरवी रख दी पार्टी

**मैनपुरी, 09 नवंबर (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ मुलायम के गढ़ मैनपुरी में पहुंचे। यहां घिरोर में उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। सीएम योगी ने बांके बिहारी का जयकारा लगाकर संबोधन की शुरूआत की। सीएम योगी ने कहा कि सपा के कृत्यों से नेताजी को कष्ट हो रहा होगा। कैसे उनके सुपुत्र ने पार्टी को कांग्रेस के पास गिरवी रख दिया है। बगुला अभी बालिग नहीं हुआ है। इसलिए ऐसा काम करता है कि मैनपुरी के सामने संकट आ जाता है।



सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने मुलायम सिंह यादव को आ-पातकाल में जेल भेजा था। राममनोहर लोहिया ने कहा था परिवार और सम्पत्ति का मोह न करें, लेकिन आज सपा परिवार में सभी पद चाहती है।

भीमराव आंबेडकर की भावना के विरुद्ध कांग्रेस ने संविधान में जो धारा 370 जोड़ी थी, वो पीएम नरेंद्र ने समाप्त कर दी है। कांग्रेस की गोद मे अखिलेश की सपा खेल रही है। वह देश की अखंडता से खेल रही है। सपा नेताजी के आदर्श से दूर जा चुकी है। भाजपा ने कहा था रामलला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे। भाजपा ने अपना वह वादा पूरा कर दिया है। हम कहते हैं कृष्ण कन्हैया हम आएंगे आपका सम्मान कराएंगे, लेकिन सपा इस पर मौन है। हमारे कृष्ण कब तक इंतजार करेंगे। मैं द्वारिका गया तो तो वहां काम देखा। पीएम मोदी वहां कायाकल्प कर रहे हैं। कृष्ण ने द्वारिका जाकर द्वारिकाधीश बनकर काम किया। आज की सपा रामद्रोही है। अखिलेश यादव आज तक दर्शन करने नहीं गए। उन्हें लगा वोट खिसक जाएगा। अयोध्या, मथुरा और काशी जाने पर इनका वोट खिसकता है। सपा से कहिये कन्हैया का सम्मान नहीं करते तो हम भी बाय बाय करते हैं।

सीएम योगी ने कहा कि विकास एक नई कहानी कहता है। अगर एक परिवार को जिताते रहेंगे तो वह चुनाव में आएंगे। अनुजेश यादव से फ़ोन से कह देंगे उतना विकास कराएंगे। एक तरफ भजपा है, निषाद पार्टी है सभी का समर्थन अनुजेश के साथ है। लोकसभा चुनाव में जो खटाखट की बात कही थी वह आया क्या? इन्होंने झूठ क्यों बोला, पीएम मोदी आये तो संविधान बदला गया क्या? आरक्षण खत्म हुआ क्या? सीएम योगी ने कहा कि आज माफिया कब्जा नहीं कर सकता है। किसी बेटी के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता है। अगर करेगा तो यमराज उसको अगले चौराहे पर उठाकर ले जाएंगे। विकास और विरासत की भाजपा गारंटी है। घिरोर में सीएम योगी ने एक बार फिर कहा कि बटेंगे तो कटेंगे और बटे थे तो कटे थे। अब एक रहेंगे तो नेक रहेंगे। करहल आर या पार का निर्णय ले लीजिए। भाजपा की झोली भर दीजिए। विकास कार्य से अनुजेश झोली भर देंगे।

# 22 जिला जज और दो एडीजे का तबादला

**प्रयागराज, 09 नवंबर (एजेंसियां)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अधिसूचना जारी कर 22 जिला जजों एवं दो एडीजे रैंक के न्यायिक अधिकारियों का एक से दूसरे जिले में स्थानांतरण किया है। बबिता रानी को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहारनपुर से इसी पद पर शाहजहांपुर, जिला एवं सत्र न्यायाधीश शाहजहांपुर ब्रह्मदेव शर्मा को मुरादाबाद, रवींद्र नाथ दुबे को भूमि अधिग्रहण पुनर्वास एवं रिसेटेलमेंट प्रयागराज से कॉमर्शियल कोर्ट गौतमबुद्ध नगर, तरुण सक्सेना को रायबरेली से जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहारनपुर स्थानांतरित किया गया है। सुधीर कुमार पंचम को मैनपुर से बरेली, रणंजय कुमार वर्मा को फतेहपुर से अयोध्या, रामेश्वर को मऊ से कासगंज, पंकज कुमार अग्रवाल को बदायूं से मैनपुरी, मनोज कुमार तृतीय को सीतापुर से बदायूं, संजीव शुक्ला को आजमगढ़ से हरदोई, जयप्रकाश पांडेय को सुल्तानपुर से आजमगढ़, सैय्यद एसएमबी असीम कासगंज से लखीमपुर खीरी, डॉ.अजय कुमार द्वितीय को मुरादाबाद से मुजफ्फरनगर, विनय कुमार द्विवेदी को मुजफ्फरनगर से बस्ती, अनमोल पाल को मिर्जापुर से फतेहपुर, सुनील कुमार चतुर्थ को चंदौली से मऊ, राजकुमार सिंह को हरदोई से रायबरेली स्थानांतरित किया गया है।

लक्ष्मीकांत शुक्ला को लखीमपुर खीरी से सुल्तानपुर, कुलदीप सक्सेना को बस्ती से सीतापुर, कुनाल वेपा को मोटर दुर्घटना दावा ट्रिब्यूनल गौतमबुद्ध नगर से कॉमर्शियल कोर्ट गौतमबुद्ध नगर, अरविंद कुमार मिश्रा द्वितीय को चेयरमैन स्टेट अपीलेट ट्रिब्यूनल लखनऊ से जिला एवं सत्र न्यायाधीश मिर्जापुर, रवींद्र सिंह को भूमि अधिग्रहण पुनर्वास एवं रिसेटेलमेंट मुरादाबाद से जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंदौली स्थानांतरित किया गया है।

# तकनीक के दास न बनें, पुस्तकों की ओर लौटें : योगी

### सीएम योगी ने किया गोमती पुस्तक महोत्सव का शुभारंभ

**लखनऊ, 09 नवम्बर (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोमती रिवर फ्रंट पार्क में आयोजित गोमती पुस्तक महोत्सव का उद्घाटन किया। यह महोत्सव नेशनल बुक ट्रस्ट और लखनऊ विकास प्राधिकरण के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया जा रहा है, जो 9 से 17 नवंबर तक चलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर बच्चों से पाठ्यक्रम के साथ-साथ रचनात्मक और ज्ञानवर्धक पुस्तकों को पढ़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि सिर्फ पाठ्यक्रम की किताबों तक सीमित न रहें, बल्कि अच्छी किताबें पढ़ें और उनसे अच्छी बातें सीखें। मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों से मेले में एक-एक पुस्तक खरीदने का अनुरोध किया, ताकि उनमें पुस्तक पढ़ने की आदत विकसित हो सके।

मुख्यमंत्री ने डिजिटल युग के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज के युवा अपने 24 घंटों में से लगभग 6 घंटे स्मार्टफोन या अन्य डिजिटल डिवाइस पर व्यतीत कर रहे हैं। अगर इस समय का उपयोग किसी सार्थक कार्य में किया जाए तो यह समाज और युवा दोनों के लिए लाभकारी हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमें तकनीक का उपयोग करना चाहिए, न कि उसके गुलाम बनना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि भारत की श्रुति परंपरा का महत्व बहुत गहरा है।

नैमिषारण्य जैसे पवित्र स्थानों पर ऋषियों ने ज्ञान को लिपिबद्ध किया, जिससे यह एक तीर्थस्थल बन गया। उन्होंने कहा कि हमारे देश में सुनना, मनन करना और उसे आचरण में उतारना एक परंपरा रही है। आज हमें फिर से इस परंपरा को जीवंत करना होगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सौभाग्यशाली है कि यहां महर्षि वाल्मीकि और तुल-सीदास जैसे महान कवि हुए। उन्होंने महाकाव्य 'रामचरित मानस' का उल्लेख करते हुए कहा कि इसे घर-घर में गाया जाता है। उन्होंने श्रीमद्भागवत गीता का उदाहरण देते हुए कहा कि युद्धभूमि में भी ज्ञान की सर्वश्रेष्ठ कृति रची गई थी। हमें अपनी इस महान परंपरा पर गर्व करना चाहिए और इसे संजोए रखना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने नेशनल बुक ट्रस्ट की इस पहल की सराहना की और सुझाव दिया कि उत्तर प्रदेश के सभी 18 मंडलों में ऐसे पुस्तक मेलों का आयोजन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के मेलों से समाज के सभी वर्गों को लाभ पहुंचेगा और लोगों में पुस्तकों के प्रति रुचि बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमें डिजिटल डिवाइस पर बिताए जाने वाले समय को कम करके पुस्तकों के अध्ययन पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुस्तकें हमारी सोच को विस्तार देती हैं और हमें समाज के प्रति जागरूक बनाती हैं। हमें अपनी नई पीढ़ी को इस दिशा में प्रेरित करना होगा।

# बबुआ अभी बालिग नहीं हुआ है... सीएम योगी

### सीएम योगी ने खैर, सीसामऊ और करहल में की चुनावी रैली

**अलीगढ़/कानपुर/मैनपुरी, 09 नवम्बर (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव प्रचार के दूसरे दिन तीन रैली की। उन्होंने खैर से सुरेंद्र दिलेर, सीसामऊ से सुरेश अवस्थी व करहल से अनुजेश यादव के पक्ष में कमल खिलाने की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी के नेतृत्व, नीति व नेताओं को निशाने पर रखा। कहा कि सपा की टोपी लाल, लेकिन कारनामे काले हैं। करहल में उन्होंने अखिलेश यादव की बखिया उधेड़ते हुए कहा कि बबुआ अभी बालिग नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप मढ़ा कि कश्मीर को फिर से आतंकवाद का गढ़ बनाने के लिए शरारत प्रारंभ हो चुकी है।

सीएम योगी ने करहल में अखिलेश यादव पर निशाना साधा। बोले कि उनका आचरण अपने पिता व सपा संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव की भावनाओं के विरुद्ध है। अखिलेश यादव की सपा कांग्रेस की गोदी में खेल रही है। कांग्रेस ने इमरजेंसी में नेताजी को बंद किया था। नेताजी हमेशा कांग्रेस का विरोध करते थे। वे कहते थे कि धोखे से भी इसके साथ नहीं रहना है, लेकिन सपा अब नेताजी के मूल्यों-आदर्शों से खुद को दूर कर चुकी है। उन्होंने कहा कि सपा नेतृत्व के कृत्यों से मुलायम सिंह यादव को कष्ट हो रहा होगा कि उनका सपूत सपा को कांग्रेस के पास गिरवी रखकर पार्टी का सत्यानाश करने पर उतारू हो गया है। कुछ लोगों की प्रवृत्ति होती है, जो जिंदगी भर उनके साथ जुड़ जाती है। बबुआ अभी बालिग नहीं हुआ है, इसलिए कभी-कभी ऐसा काम कर देता है, जिससे मैनपुरीवालों के सामने भी संकट खड़ा हो जाता है। सीएम ने कहा कि मुलायम सिंह ने राममनोहर लोहिया को आदर्श बनाया था। डॉ. लोहिया ने कहा था कि सच्चा समाजवादी वह है, जो संपत्ति व संतति का मोह न करे, फिर भी सपा में सारा पद एक ही परिवार को चाहिए।




सीएम योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी रामद्रोही है। वे राममंदिर का दर्शन करने नहीं गए, क्योंकि उन्हें लगता था कि वोटबैंक खिसक जाएगा। करहल-वासी उनसे कहें कि आप कृष्ण-कन्हैया का सम्मान नहीं कर सकते तो हमारा वोट लेने क्यों आते हैं। हम आपसे बॉय-बॉय करते हैं। भाजपा ने कहा था कि रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। हमने करके दिखा दिया। श्रीकृष्ण-कन्हैया हम आएंगे, मथुरा में भी जनभावना का सम्मान कराएंगे, क्या सपा इस पर सहमत है। क्या समाजवादी पार्टी मथुरा-वृंदावन को लेकर सरकार की सोच का समर्थन करेगी। उन्हें वोट चाहिए, लेकिन कृष्ण-कन्हैया का सम्मान नहीं। वे इस पर मौन हैं। सरकार मथुरा, गोकुल, बरसाना, बलदेव, वृंदावन तीर्थों का विकास कर रही है। लगता है मथुरा-वृंदावन पांच हजार पहले के कालखंड में जा चुका है, जब कन्हैया स्वयं वहां निवास करते थे।

सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में निषाद बेटी और कन्नौज में सपा नेता के कृत्य किसी से छिपे नहीं हैं। यह सभ्य समाज के कलंक हैं। लाल टोपी-काले कारनामे को पनपने मत दीजिए। यह लोग षडयंत्र कर रहे हैं, फिर से यूपी को अराजकता में ढकेल देंगे। लोकसभा चुनाव में इनका झूठ एक्सपोज हो गया। इनसे पूछिए कि खटाखट-खटाखट के एक-एक लाख रुपये कहां हैं। चुनाव में इनको सफाचट कर दीजिए। गलत व्यक्ति को प्रश्रय देने से भावी पीढ़ी के भविष्य से खिलवाड़ और वर्तमान पीढ़ी बर्बाद होती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खैर में कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम के जरिए जनता ने जवाब दे दिया कि वह डबल इंजन सरकार को चाहती है। अलीगढ़ के जिस राजा महेंद्र प्रताप सिंह को कांग्रेस ने भुला दिया था, हम लोगों ने उनके नाम पर राज्य विश्वविद्यालय बनाया है। यह विश्वविद्यालय आपकी कई पीढ़ियों को बनाएगा। इसे प्रतिस्पर्धा में लेकर आना है कि राजा महेंद्र सिंह विश्वविद्यालय आगे बढ़ता है या एएमयू। सीएम योगी ने कहा कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को अल्पसंख्यक संस्था के रूप में स्थापित करना चाहिए या सामान्य संस्था के रूप में रहना चाहिए। इस पर कल माननीय उच्चतम न्यायालय में बहस हो रही थी। भारत के संसाधनों से पलने और जनता के टैक्स से चलने वाला ऐसा संस्थान, जो पिछड़ी, अनुसूचित जाति या जनजाति के लोगों को आरक्षण नहीं देता है, लेकिन मुसलमानों के लिए स्वयं के माध्यम से 50 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था कर रहे हैं। भारत का संविधान अनुसूचित जाति-जनजाति व मंडल कमीशन की रिपोर्ट के आधार पर पिछड़ी जाति के लोगों को आरक्षण की सुविधा देता है, लेकिन एएमयू में यह सुविधा क्यों नहीं मिल पाती है। जब भारत का पैसा लगा है तो वहां भी इन्हें आरक्षण की सुविधा का लाभ मिलना चाहिए। नौकरी और प्रवेश में भी यह सुविधा मिलनी चाहिए। इसे क्यों बंद किया गया, क्योंकि कांग्रेस-सपा, बसपा नहीं चाहती है। वोटबैंक बचाने के लिए यह लोग आपकी भावना व राष्ट्रीय एकता-अखंडता, अस्मिता के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

सीएम योगी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस की सरकार है। वहां विधानसभा ने प्रस्ताव पारित किया है कि कश्मीर में फिर से 370 की बहाली होनी चाहिए। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर नहीं चाहते थे कि भारत के संविधान में धारा 370 जुड़े, लेकिन नेहरू की जिद ने जबर्दस्ती इसे जुड़वाया। कांग्रेस ने कभी भी धारा-370 को हटाने का प्रयास नहीं किया, लेकिन देशहित में पीएम मोदी ने 35 ए व 370 को हटा दिया। इस कारण पांच वर्ष से वहां विकास व सुरक्षा का बेहतरीन माहौल है। अब कश्मीर में लाखों पर्यटक आते हैं। सीएम ने आरोप मढ़ा कि कश्मीर को फिर से आतंकवाद का गढ़ बनाने के लिए शरारत प्रारंभ हो चुकी है।

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस जब भी सफल होगी, तब आपको विभाजित करके सफल होगी। इसलिए बंटिए मत, जब बंटे थे तो कटे थे। एक रहेंगे तो नेक और सेफ रहेंगे। उन्होंने कहा कि राम मंदिर, भगवान विश्वनाथ, मथुरा में कृष्ण कन्हैया की जन्मभूमि का अपमान सामने आया था। हमारी मां-बहन, बेटियों के साथ क्या कुछ नहीं हुआ था। इन सबके बावजूद गांधारी की तरह यदि आंख पर पट्टी बांधकर जाति और स्वार्थ में बंटे हैं तो कटने के सिवाय हमारी दूसरी नियति नहीं हो सकती है।

सीएम योगी ने 2017 के पहले और बाद के यूपी का अंतर बताया। बोले-पहले अलीगढ़ में हर 10 दिन में दंगा व कर्फ्यू लगता था, लेकिन साढ़े सात वर्ष में कोई उपद्रव व गुंडागर्दी की हिम्मत नहीं कर पाया। ऐसे लोगों को मालूम है कि एक तरफ यमराज इंतजार करेंगे तो दूसरी तरफ बाप-दादा की संपत्ति को कब्जे में लेकर गरीबों में बांट दिया जाएगा। अव्यवस्था का आलम यह था कि पीएम आवास के रूप में इंदिरा आवास के नाम पर 20 हजार रुपए आता था, वह भी गांव में किसी एक व्यक्ति को मिलता था। पेंशन भी केवल सपा के लोगों को मिलती थी, लेकिन भाजपा की डबल इंजन सरकार ने बिना भेदभाव हर योजनाओं का लाभ दिलाया। कल्याण सिंह ने अलीगढ़ के लिए सपना देखा था, वह साकार हो गया। अलीगढ़ में एयरपोर्ट चालू हो गया है। यह डिफेंस मैन्यूफेक्चरिंग कॉरिडोर का महत्वपूर्ण हब बन रहा है। हार्डवेयर का सेंटर बना। यहां का ताला उद्योग पुनर्जीवित हो गया है। सीएम योगी ने पूछा कि राजू पाल-उमेश पाल की हत्या होती है तो सपा क्यों मौन रहती है। उमेश पाल की सुरक्षा में लगे निषाद जवान का क्या दोष था। यह लोग अपनी प्रवृत्ति से बाज नहीं आने वाले हैं। यह माफिया व अपराधी प्रवृत्ति के तत्वों और दंगाइयों को गले लगाकर प्रदेश को दंगे की आग में झोंकने का प्रयास करते हैं। कानपुर का दंगाई जेल की सीखचों में है। दलितों व वाल्मीकि समुदाय की जमीन पर कब्जा करने वाला सपा सरकार का पूर्व मंत्री रामपुर जेल में है। सपा उसे निर्दोष मानती है।

शुभ लाभ
खबरें जो सोच बदल दे



# यूएन में भारत का पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब जम्मू-कश्मीर हमारा अभिन्न अंग था, है और रहेगा

**वॉशिंगटन, 08 नवंबर (एजेंसियां)।**

भारत ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में एक बार फिर पाकिस्तान को आड़े हाथों लिया है। भारत ने यूएन में साफ कहा है कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा।

यूएन में भारत की तरफ से ये बात राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने कही। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को लेकर पाकिस्तान के झूठे प्रोपेगैंडा पर निशाना साधाते हुए कहा कि अपनी हरकतों से पड़ोसी मुल्क तथ्य नहीं बदल सकता। जम्मू-कश्मीर के लोगों ने हाल ही में अपने लोकतांत्रिक और निर्वाचन के अधिकार का इस्तेमाल किया है और नई सरकार चुनी है। पाकिस्तान को अपनी झूठी बातों से बचना चाहिए क्योंकि इससे तथ्य नहीं बदल जाएंगे।

दरअसल, यूएन महासभा में पीसकीपिंग मिशन्स को लेकर जारी चर्चा के बीच पाकिस्तान ने एक बार फिर जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। पाकिस्तान की तरफ से की गई टिप्पणियों के जवाब में भारत ने आरओआर (राइट ऑफ रिप्लाई) के विकल्प का इस्तेमाल किया करते हुए कहा कि पाकिस्तान ने एजेंडे को अनावश्यक रूप से भटकाने की कोशिश की है। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा। राज्यसभा सांसद त्रिवेदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में यह लोकतांत्रिक बदलाव सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मजबूत विदेश नीति की वजह से संभव हुआ है, जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की सख्त और स्वीकार्य छवि दिखाता है।

सुधांशु त्रिवेदी उन 12 सांसदों की टीम का हिस्सा हैं, जो यूएन में अलग-अलग मुद्दों पर बैठकों में हिस्सा ले रही है।

बाद में सुधांशु त्रिवेदी ने एक्स पर पोस्ट साझा कर कहा कि शांति रक्षा अभियानों पर संयुक्त राष्ट्र में चर्चा के दौरान पाकिस्तान के प्रतिनिधि ने संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा विषय पर बोलते हुए विषय को भटकाने की कोशिश की और बेवजह इसका जिक्र किया।

## न्यूज ब्रीफ

### बीते चार साल में भारत और अमेरिका के संबधों को मजबूत किया : अमेरिकी रक्षा मंत्री



**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने बीते चार वर्षों में भारत और अमेरिका के संबंधों को और विस्तार दिया है। ऑस्टिन ने फ्लोरिडा में कहा, ''हमने नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) को मजबूत किया है। इतना ही नहीं हमारी सरकार ने यूक्रेन को सुरक्षा सहायता देने के लिए 50 देशों पर ध्यान केन्द्रित किया है। बाइडेन सरकार ने हिंद प्रशांत क्षेत्र में भी जो काम किए हैं वे काफी लाभदायक हैं।'' ऑस्टिन ने कहा कि बाइडन प्रशासन के तहत भारत और अमेरिका के रिश्ते और बेहतर हुए हैं। उन्होंने कहा, ''हमने देखा कि जापान ने रक्षा क्षेत्र में निवेश दोगुना किया है और यह सूची काफी लंबी होती जा रही है। तब इस प्रकार यूक्रेन को मदद करने तथा इजराइल के अपने क्षेत्र की रक्षा के प्रयासों का समर्थन करने के साथ ही हमने हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर भी ध्यान दिया है।

### ट्रंप-जेलेंस्की की फोन पर हुई बात, रुस-यूक्रेन युद्ध खत्म होने के मिल रहे सकारात्मक संकेत



**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से पहली बार फोन पर बात की। इस दौरान एलन मस्क भी मौजूद थे। ट्रंप के चुनाव प्रचार के दौरान यूक्रेन को दी जाने वाली आर्थिक मदद का विरोध करने के बाद यूक्रेन चिंतित था, लेकिन इस बातचीत के बाद सकारात्मक संकेत मिले हैं। अभी तक ट्रंप ने रुसी राष्ट्रपति पुतिन से संपर्क नहीं किया है। पुतिन ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर ट्रंप कॉल करेंगे, तो वह बात जरुर करेंगे। ट्रंप ने चुनाव प्रचार के दौरान रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने का वादा किया था, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि उनका जेलेंस्की से बातचीत इसी दिशा में उठाया गया कदम हो सकता है। इसमें एलन मस्क की मौजूदगी दर्शाती है कि ट्रंप प्रशासन में उनका कितन असर रहेगा। इससे पहले मस्क ने तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोआन से ट्रंप की कॉल में भी भाग लिया था, जिससे उनके बढ़ते प्रभाव का संकेत मिलता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दो महीनों से ट्रंप और जेलेंस्की की टीमों के बीच संवाद चल रहा था। करीब 25 मिनट की कॉल में जेलेंस्की ने ट्रंप को चुनाव में जीत की बधाई दी। ट्रंप ने बातचीत में यूक्रेन के समर्थन का आश्वासन दिया और एलन मस्क ने भी स्टारलिंक उपग्रहों के जरिए से यूक्रेन का समर्थन जारी रखने की बात कही।

### भारत-अमेरिका संबंधों के बीच धार्मिक मुद्दे बन सकते हैं टकराव की वजह, ट्रंप ने अपने चुनावी भाषण में ईसाइयत को बढ़ावा देने की कही है बात



**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा अमेरिकी राष्ट्रपति चुने जाने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने उन्हें फोन पद दी है। ट्रंप के पहले कार्यकाल में भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों में सुधार हुआ था लेकिन इस बार संबंधों में एक नया पहलू सामने आ सकता है, जो दोनों देशों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है जिसमें धर्म का मुद्दा। ट्रंप ने अपने चुनावी भाषण में ईसाइयत को बढ़ावा देने की बात कही है, जो भारत में संवेदनशील मुद्दा बन सकता है। भारत के लोगों को लगता है कि ईसाई धर्म के समूह जबरन धर्मांतरण कराने में शामिल हैं, जो भारतीय समाज के लिए खतरे के रूप में देखा जा सकता है। अमेरिकी सीनेट की विदेश संबंध समिति के अध्यक्ष बनने वाले जिम रिश ने भी भारत में धार्मिक स्वतंत्रता और चर्चों की फंडिंग पर प्रतिबंधों को लेकर अपनी चिंता जताई है। ट्रंप प्रशासन के दौरान व्हाइट हाउस में कुछ धार्मिक समूहों को बढ़ावा मिल सकता है, जो भारत में चर्च और ईसाई समुदाय के मुद्दों पर एक सशक्त दृष्टिकोण रख सकते हैं। मणिपुर जैसे हाल के संघर्षों में धर्म से जुड़े मुद्दे भी सामने आए हैं, जो अमेरिका को भारत की धार्मिक नीतियों पर विचार करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। भारत की नीति साफ कहती है कि विदेशी वित्तपोषित एनजीओ और धर्मांतरण गतिविधियां भारतीय सभ्यता और संस्कृति के लिए खतरा है। सरकार का मानना है कि इस तरह की गतिविधियों पर नियंत्रण जरुरी है।

# लाहौर में 1 हजार के पार हुआ एक्यूआई घर से बाहर निकलना हुआ मुश्किल

**लाहौर, 09 नवंबर (एजेंसियां)।**



पाकिस्तान का लाहौर शहर गैस चैंबर बन गया है। यहां एक्यूआई 1 हजार के पार है। लोगों का सांस लेना मुश्किल हो गया है। दम घुट रहा है और लोगों के फेंफड़े खराब हो रहे हैं। ऐसे में बीमारों की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रदूषण के कारण लोग घर से बाहर निकलने से कतराने लगे हैं, और अस्पतालों में सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। प्रांतीय सरकार और डॉक्टरों ने लोगों को मास्क पहनने की सलाह दी है। इसके अलावा, पंजाब सरकार ने स्मॉग आपातकाल घोषित कर दिया है और लाहौर तथा अन्य प्रभावित जिलों में 17 नवंबर तक सभी उच्च माध्यमिक शैक्षणिक संस्थानों को बंद करने का आदेश दिया है। पंजाब प्रांत की सरकार ने प्रदूषण की बढ़ती समस्या के मद्देनजर सार्वजनिक और निजी पार्कों, चिड़ियाघरों, ऐतिहासिक स्थानों, संग्रहालयों और मनोरंजन/खेल के मैदानों में लोगों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया। यह आदेश लाहौर में वायु गुणवत्ता के खतरनाक स्तर तक गिरने के बाद जारी किया गया, जहां एयर क्वालिटी इंडेक्स कई क्षेत्रों में 1000 अंक को पार कर गया, जिससे यह शहर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बन गया है। पंजाब पर्यावरण संरक्षण एजेंसी ने यह आदेश जारी किया, और इसके महानिदेशक इमरान हामिद शेख ने बताया कि यह प्रतिबंध न केवल लाहौर, बल्कि शेखूपुरा, कसूर, ननकाना साहिब, गुजरांवाला, फैसलाबाद, मुल्तान और अन्य कई जिलों में भी लागू होगा। शेख ने स्पष्ट किया कि जो लोग इस आदेश का उल्लंघन करेंगे, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश एक दिन बाद आया, जब लाहौर में एक्यूआई खतरनाक स्तर पर पहुंच गया, जो वायु प्रदूषण के गंभीर प्रभाव को दर्शाता है। इससे पहले, लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) में एक तीन वर्षीय लड़की ने सरकार के खिलाफ याचिका दायर की थी, जिसमें धुंध और वायु प्रदूषण के प्रभावों को लेकर न्याय की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया था कि वायु प्रदूषण विशेष रूप से छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए हानिकारक है और यह सरकार का कर्तव्य है कि वह नागरिकों को एक स्वस्थ वातावरण प्रदान करे।

### भारी दबाव के बाद जस्टिन त्रूडो ने कनाडा में खालिस्तानियों की मौजूदगी को स्वीकारा

**ओटावा।** भारत लंबे समय से कहता रहा है कि कनाडा में जस्टिन ट्रूडो की सरकार खालिस्तानियों को संरक्षित कर रही है। अब प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कनाडा में खालिस्तानी समर्थकों की मौजूदगी की बात को स्वीकार किया है। ट्रूडो ने हालांकि कहा कि ये लोग कनाडा में सिख समुदाय का सम्पूर्ण प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। उनका यह बयान भारत के उस रुख को सही ठहराता है जिसमें भारत ने आरोप लगाया था कि कनाडा सरकार खालिस्तानी समर्थक तत्वों को पनाह दे रही है। जस्टिन ट्रूडो ने कनाडा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थकों के बारे में भी कहा। उन्होंने कहा कि कनाडा में खालिस्तान के समर्थक हैं, लेकिन वे सिख समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करते। इसी तरह कनाडा में मोदी सरकार के समर्थक भी हैं, लेकिन वे सभी हिन्दू कनाडाई लोगों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। यह बयान उन्होंने ओटावा के पार्लियामेंट हिल में दिवाली समारोह के दौरान भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए दिया। ट्रूडो के इस बयान से भारत और कनाडा के बीच बढ़ते कूटनीतिक तनाव के बीच स्थिति और जटिल हो गई है। तनाव की शुरुआत तब हुई थी जब जस्टिन ट्रूडो ने हर्डीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों का हाथ होने का आरोप लगाया था। यह घटना 2023 के जून में हुई थी। निज्जर को ब्रिटिश कोलंबिया में एक गुरुद्वारे के बाहर गोलियों से मारा गया था। इससे पहले, सितंबर 2023 में कनाडा और भारत के बीच रिश्ते और भी खराब हो गए थे। कनाडा ने भारतीय उच्चायुक्त को निज्जर की हत्या की जांच में एक रुचि रखने वाला व्यक्ति बताया। इसके जवाब में भारत ने इस आरोप को सख्त तरीके से नकारा और कनाडा के साथ अपने रिश्तों को और अधिक ठंडा कर दिया।

# नैन्सी ने डेमोक्रेट्स की चुनावी हार के लिए बाइडेन को दोषी ठहराया


**न्यूयॉर्क, 09 नवंबर (एजेंसियां)।**

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की पूर्व अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी ने राष्ट्रपति चुनावों में डेमोक्रेटस पार्टी की उम्मीदवार एवं उप राष्ट्रपति कमला हैरिस की चुनाव में हार के लिए राष्ट्रपति जो बाइडेन को दोषी ठहराते हुए कहा कि यदि श्री बाइडेन पहले ही दौड़ से बाहर हो जाते तो डेमोक्रेट्स का प्रदर्शन पांच नवंबर के चुनाव में बेहतर होता। सुश्री पेलोसी ने न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया कि यदि राष्ट्रपति पहले ही बाहर हो जाते तो दौड़ में अन्य उम्मीदवार भी हो सकते थे।बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार श्री पेलोसी को व्यापक रूप से श्री बाइडेन को बाहर करने के डेमोक्रेट्स के अभियान का नेतृत्व करने के लिए जाना जाता है। श्री बाइडेन डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ खराब बहस के बाद हफ्तों के दबाव के बाद जुलाई के अंत में चुनावी दौड़ से हट गए और उन्होंने तुरंत अपनी जगह लेने के लिए उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का समर्थन किया। सुश्री हैरिस को राष्ट्रपति चुनाव में श्री ट्रम्प से करारी हार का सामना करना पड़ा। सुश्री पेलोसी ने न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया उम्मीद थी कि अगर राष्ट्रपति पद छोड़ देते हैं तो ओपन प्राइमरी होगी। ओपन प्राइमरी में कई डेमोक्रेटिक उम्मीदवार शामिल होते जो श्री बाइडेन के उत्तराधिकारी के रूप में व्हाइट हाउस के उम्मीदवार के रूप में पार्टी के सदस्यों द्वारा चुने जाने के लिए प्रतिस्पर्धा करते।

उन्होंने तर्क दिया कि सुश्री हैरिस ने इस तरह की प्राथमिक प्रक्रिया में अच्छा प्रदर्शन किया होगा और इससे वह आगे बढ़ने के लिए और मजबूत होंगी। लेकिन हम यह नहीं जानते। ऐसा नहीं हुआ। हम जो हुआ उसके साथ जी रहे हैं। मंगलवार को सदन में अपने 20वें कार्यकाल के लिए फिर से चुनी गई कैलिफोर्निया की कांग्रेस की सदस्य कहा और क्योंकि राष्ट्रपति ने तुरंत कमला हैरिस का समर्थन किया इसलिए उस समय प्राइमरी होना लगभग असंभव हो गया।

अगर यह बहुत पहले होता, तो यह अलग होता।राजनीतिक समाचार आउटलेट पोलिटिको से बात करते हुए सुश्री हैरिस के सहयोगियों ने भी श्री बाइडेन को दोषी ठहराया और कहा कि उन्हें पहले ही चुनावी दौड़ से बाहर हो जाना चाहिए था। एक अनाम सहयोगी ने कहा, हमने जो बाइडेन राष्ट्रपति थे उसे देखते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ अभियान चलाया। कमला हैरिस और डेमोक्रेट्स की हार का एकमात्र कारण जो बाइडेन हैं। हालांकि बाइडेन के एक पूर्व सहयोगी ने एक अन्य राजनीतिक समाचार आउटलेट एक्सियोस को बताया कि सुश्री हैरिस बहाने बना रही थीं। उन्होंने कहा आपने एक अरब डॉलर कैसे खर्च किए और जीत नहीं पाए। इसी तरह पेंसिल्वेनिया के सीनेटर जॉन फ़ेटरमैन एवं एक डेमोक्रेट ने चुनाव में हार के लिए उन लोगों को दोषी ठहराया जिन्होंने श्री बाइडेन को बाहर करने की साजिश रची।

# मैक्सिको में बंदूकधारियों ने की नौसेना के रियर एडमिरल की गोली मारकर हत्या




**मैक्सिको सिटी, 09 नवंबर (एजेंसियां)।**

मैक्सिको में बंदूकधारियों ने नौसेना के एक 'रियर एडमिरल' की गोली मारकर हत्या की गई। मैक्सिको की नौसेना ने बताया कि बंदरगाह शहर मंजानिलो में हमलावरों ने एक रियर एडमिरल की गोली मारकर हत्या कर दी। रियर एडमिरल नौसेना के सर्वोच्च पद 'फुल एडमिरल' से नीचे का पद है।

रिपोर्ट के मुताबिक नौसेना के अधिकारी का नाम फर्नांडो गुएरेरो अल्कांतार बताया है लेकिन नौसेना के प्रवक्ता ने नाम की पुष्टि नहीं की है। नौसेना ने बताया कि जिस समय अधिकारी पर हमला किया गया तब वह अपने निजी वाहन से यात्रा कर रहे थे। हत्या के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। देश में मादक पदार्थों के तस्करों द्वारा उच्च पदस्थ अधिकारियों पर हमले के मामले काफी कम हैं। वर्ष 2013 में बंदूकधारियों ने पड़ोसी राज्य मीचोआकन में वाइस एडमिरल कार्लोस मिगुएल सालाजार की हत्या कर दी थी।

# पाकिस्तान : क्वेटा रेलवे स्टेशन पर बम धमाका, 16 की मौत, 30 से अधिक घायल

**इस्लामाबाद, 09 नवंबर (एजेंसियां)।**



पाकिस्तान के क्वेटा रेलवे स्टेशन पर शनिवार सुबह जोरदार बम धमाके में 16 लोगों की मौत हो गई जबकि 30 से अधिक घायल हैं। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस और रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया गया है। हादसे की जांच की जा रही है।

विस्फोट के समय एक ट्रेन प्लेटफॉर्म से पेशावर के लिए प्रस्थान करने के लिए तैयार थी। रिपोर्ट में क्वेटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मोहम्मद बलूच के हवाले से बताया गया है कि धमाके में 16 लोगों की मौत हुई है और 30 से अधिक घायल हो गए। उन्होंने कहा कि शुरुआती तौर पर यह घटना आत्मघाती बम धमाके की लगती है लेकिन निश्चित तौर पर अभी कुछ कहना जल्दीबाजी होगी। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

फिलहाल हमले की जिम्मेदारी किसी संगठन ने नहीं ली है। धमाके के समय स्टेशन पर यात्रियों की काफी भीड़ थी। जाफर एक्सप्रेस स्टेशन से जिस समय रवाना हो रही थी, उसी समय यह धमाका हुआ। धमाके के बाद रेलवे स्टेशन पर अफरातफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यह एक हेवी बम ब्लास्ट था। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के इस हिस्से में अक्सर बम धमाके होते रहे हैं। कुछ दिनों पहले भी नॉर्थ वजीरिस्तान में हुए बम धमाके में चार सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई थी जबकि कई घायल हो गए थे। इसके अलावा खैबर पख्तूनख्वा में एक स्कूल के पास बम धमाका हुआ था जिसमें दो बच्चों की मौत हो गई थी। इससे कुछ दिन पहले बलूचिस्तान में स्कूल के पास बम धमाका हुआ थास जिसमें पांच स्कूली बच्चों समेत सात की लोगों की मौत हो गई थी जबकि कम से कम 22 लोग घायल हो गए थे।

# कतर सरकार ने दी चेतावनी, हमास नेता बिना देर किए छोड़ें देश

**अमेरिका ने कतर से हमास को शरण देना बंद करने की अपील की थी**

**दोहा, 09 नवंबर (एजेंसियां)।**



कतर और अमेरिका के बीच बातचीत के बाद अब कतर ने हमास नेताओं को देश छोड़ने की चेतावनी दी है। हमास के कई प्रमुख नेता कतर की राजधानी दोहा में शरण लिए हुए थे, अब उन्हें वहां से जाने को कहा गया है। कतर सरकार का यह फैसला अमेरिका और कतर के हुई बातचीत का परिणाम है, जिसमें अमेरिका ने कतर से हमास नेताओं को शरण देना बंद करने की अपील की थी। मीडिया रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक हमास एक आतंकवादी समूह है जिसने न केवल अमेरिकी नागरिकों की हत्या की, बल्कि बंधक भी बनाया है और बार-बार बंधकों को रिहा करने के प्रस्तावों को नकारा है। इसके कारण अमेरिका ने कतर से कहा था कि हमास के नेताओं का किसी भी अमेरिकी साझेदार देश की राजधानी में रहना स्वीकार नहीं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के लिए इस समय हमास और इजराइल के बीच संघर्ष को रोकना और युद्धविराम लागू करना सबसे पहली प्राथमिकता है। इस संदर्भ में कतर पर दबाव बढ़ा है, खासतौर पर इजराइल और अमेरिका के बंधक की मौत और हमास द्वारा युद्धविराम प्रस्ताव को नकारे जाने के बाद। अमेरिका ने कतर से आग्रह किया कि वह हमास नेताओं को निष्कासन की धमकी दे, ताकि वे गाजा में युद्ध रोकने के लिए सहमत हों। अमेरिकी विदेश मंत्री ने भी कतर से कहा था कि अगर हमास गाजा में युद्ध रोकने के लिए सहमत नहीं होता है, तो उसे दोहा से बाहर निकाल दिया जाएगा। हालांकि, कतर ने हमास के नेताओं को देश छोड़ने के लिए अतिरिक्त समय नहीं दिया है। यह कदम कतर और हमास के रिश्तों में दरार डाल बना सकता है। जानकारों का कहना है कि हमास के नेता तुर्की में शरण ले सकते हैं। कतर का यह कदम अमेरिका के रिश्तों में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है, क्योंकि कतर ने हमेशा मध्य-पूर्व में तटस्थ रहने की कोशिश की है। अमेरिका से बातचीत के बाद उसे अब अपनी नीति बदलने पर मजबूर होना पड़ रहा है। कतर का यह कदम न केवल कतर और अमेरिका के रिश्तों पर असर डालेगा, बल्कि समग्र मध्य-पूर्वी राजनीति पर भी प्रभाव डाल सकता है, खासतौर से हमास के शरणदाता देशों के रुख और इजराइल-हमास संघर्ष के कूटनीतिक प्रयासों में।

### ट्रंप के मामले में अदालत की समयसीमा रद्द

**वाशिंगटन।** अमेरिका के 2020 राष्ट्रपति चुनाव से जुड़े एक मामले में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से संबंधित मामले की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश ने अदालत की शेष समयसीमा शुक्रवार को रद्द कर दी। अधिकारियों ने बताया कि अभियोजकों ने कहा कि उन्हें ट्रंप की इस सप्ताह हुई चुनावी जीत के बाद मामले में आगे बढ़ने के लिए उचित कदम का आकलन करने के लिए समय चाहिए, जिस पर न्यायाधीश ने समयसीमा को रद्द कर दिया। विशेष वकील जैक स्मिथ ने पिछले साल ट्रंप पर 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के परिणामों को पलटने की साजिश रचने और अपने 'मार-ए-लागो एस्टेट' में खुफिया दस्तावेजों को अवैध रूप से रखने का आरोप लगाया था। शुक्रवार को अदालत में दायर एक याचिका में स्मिथ की टीम ने कहा कि उसे ट्रंप की चुनावी जीत के बाद ''इस अभूतपूर्व परिस्थिति का आकलन करने'' और आगे की प्रक्रिया तय करने के लिए समय चाहिए। स्मिथ की टीम ने न्यायाधीश को 2 दिसंबर तक अपने विचारों के परिणाम के बारे में सूचित करने की बात की है।

जिज्ञासा

## रात को क्यों निकलता है चमगादड़



**बच्चो,** शाम ढलते ही चमगादड़ दिखने लगता है। उन्हें देखकर आपके मन में यह बात जरूर उठती होगी कि आखिर क्या कारण है कि चमगादड़ रात में ही निकलता है, दिन में नहीं?

दरअसल, चमगादड़ के रात में निकलने के दो कारण हैं। रात के समय भोजन के लिए उसे अन्य पक्षियों की अपेक्षा कम मेहनत करनी पड़ती है और आसानी से वह भोजन की व्यवस्था कर लेता है। दूसरी बात कि सांप, उल्लू, बाज और बैट हॉक (एशियन बर्ड) जैसे चमगादड़ को खाने वाले पक्षी दिन के समय सक्रिय रहते हैं। अगर चमगादड़ दिन में निकला, तो उसकी जान की खैर नहीं। ये सारे पक्षी उसका शिकार करने का एक भी मौका नहीं चूकेंगे, और बेचारे चमगादड़ को अपनी जान से हाथ धोना पड़ेगा। दिन में चमगादड़ पेड़ के गुच्छों में या गुफाओं में झूलता रहता है।

## मक्खी का दिमाग



एक मधुमक्खी का दिमाग बहुत तेज और चमत्कारी होता है। वह पराग कण इकट्ठे करने में खर्च होने वाली ऊर्जा का सटीक अनुमान लगा सकती है। वह देखकर ही दूरी का अनुमान भी लगा लेती हैं।

# तबाही का दूसरा नाम सुनामी

सुनामी जापानी शब्द है, जो सू और नामी से मिल कर बना है सू का अर्थ है- समुद्र तट और नामी का अर्थ है- लहरें। सुनामी लहरें समुद्री तट पर खतरनाक ढंग से हमला करती हैं और जान-माल का बुरी तरह नुकसान कर सकती हैं। अक्सर समुद्री भूकम्पों की वजह से ये तूफान पैदा होते हैं...



**समुद्र** के भीतर अचानक जब बड़ी तेज हलचल होने लगती है, तो उसमें उफान उठता है, जिससे ऐसी लंबी और बहुत ऊंची लहरों का रेला उठना शुरू हो जाता है, जो जबरदस्त आवेग के साथ आगे बढ़ता है। इन्हीं लहरों के रेले को सुनामी कहते हैं। प्राकृतिक आपदाओं में सुनामी तबाही का दूसरा सबसे बड़ा नाम है।

**क्या है सुनामी**

दरअसल, सुनामी बहुत बड़ी-बड़ी लहरें होती हैं, जिनकी चौड़ाई सैंकड़ो किलोमीटर तक हो सकती है, यानी इन लहरों के निचले हिस्सों के बीच का फासला सैंकड़ों किलोमीटर का होता है। पर जब ये तट के पास आती हैं, तो लहरों का निचला हिस्सा जमीन को छूने लगता है, इनकी गति कम हो जाती है और ऊंचाई बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति में जब ये तट से टकराती हैं, तो तबाही होती है। इन लहरों की गति 400 किलोमीटर प्रति घंटा तक और ऊंचाई 10 से 17 मीटर तक होती है, यानी पानी की चलती दीवार जैसी दिखती हैं और वह भी खारा पानी।

पहले सुनामी को समुद्र में उठने वाले ज्वार के रूप में भी लिया जाता रहा है, लेकिन ऐसा नहीं है। दरअसल, समुद्र में लहरें चांद, सूरज और ग्रहों के गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव से उठती हैं, लेकिन सुनामी लहरें इन आम लहरों से अलग होती हैं। अक्सर समुद्री भूकम्पों की वजह से ये तूफान पैदा होते हैं। प्रशांत महासागर में सुनामी की घटनाएं बहुत आम हैं, पर बंगाल की खाड़ी, हिंद महासागर व अरब सागर में सुनामी आमतौर पर कम ही आती हैं। शायद यही कारण है कि भारतीय भाषाओं में सुनामी के लिए विशिष्ट नाम नहीं है।

**इसलिए आती है सुनामी**

सुनामी लहरों के पीछे वैसे तो कई कारण होते हैं, लेकिन सबसे ज्यादा असरदार कारण है भूकंप। इसके अलावा जमीन धंसने, ज्वालामुखी फटने, किसी तरह का विस्फोट होने और कभी- कभी उल्कापात के असर से भी सुनामी लहरें उठती हैं।

**भूकंप का प्रभाव**

जब कभी भीषण भूकंप की वजह से समुद्र की ऊपरी परत अचानक खिसक कर आगे बढ़ जाती है, तो समुद्र अपनी समांतर स्थिति में ऊपर की तरफ बढ़ने लगता है। जो लहरें उस वक्त बनती हैं, वो सुनामी लहरें होती हैं। लेकिन यह भी जरूरी नहीं कि हर भूकंप से सुनामी लहरें बनें। इसके लिए भूकंप का केंद्र समुद्र के अंदर या उसके आसपास ही होना जरूरी है।

**तट आगमन पर प्रभाव**

जब ये सुनामी लहरें किसी भी महाद्वीप की उस परत के उथले पानी तक पहुंचती हैं, जहां से वो दूसरे महाद्वीप से जुड़ा है और जो कि एक दरार के रूप में देखा जा सकता है। वहां सुनामी लहर की तेजी कम हो जाती है। वो इसलिए, क्योंकि उस जगह दूसरा महाद्वीप भी जुड़ रहा है और वहां धरती की जुड़ी हुई परत की वजह से दरार जैसी जो जगह होती है, वो पानी को अपने अंदर रास्ता देती है। लेकिन उसके बाद भीतर के पानी के साथ मिल कर जब सुनामी किनारे की तरफ बढ़ती है, तो उसमें इतनी तेजी होती है कि वो 30 मीटर तक ऊपर उठ सकती है और उसके रास्ते में चाहे पेड़, जंगल या इमारतें कुछ भी आएं, सभी का सफाया कर देती है।

**सुनामी की भविष्यवाणी**

सुनामी के बारे में भी अंदाजा नहीं लगा जा सकता था, लेकिन महाकाल रूपी सुनामी का डर अब समुद्र के किनारे रहने वाले लोगों को ज्यादा नहीं सताएगा। बिना बताए चुपके से अपनी आगोश में समेट लेने वाली इस जानलेवा लहर के बारे में अब पहले से भविष्यवाणी की जा सकेगी। वैज्ञानिकों ने सुनामी की भविष्यवाणी करने और इसकी विनाशता के बारे में पहले से चेताने का एक गणितीय फार्मूला निकाला है। न्यूकासल यूनिवर्सिटी के मैथ्स के प्रोफैसर रॉबिन जॉन्सन की अगुआई में वैज्ञानिकों ने इस फार्मूले को खोजा है। सुनामी के अब तक के रिकॉर्ड और महाद्वीपों की स्थिति को देखकर वैज्ञानिक कुछ अंदाजा भी लगा सकते हैं।

**सुनामी का कहर**

26 दिसंबर, 2004 को हिंद महासागर के गर्त में 9.15 की तीव्रता वाले भूकंप के कारण आई सुनामी ने भारत सहित दुनिया के कई देशों में भारी तबाही मचाई। सबसे ज्यादा इंडोनेशिया प्रभावित हुआ, सबसे ज्यादा लोग सुमात्रा द्वीप पर मारे गए। समुद्र से आती सुनामी लहरों से अपनी जान बचाने के लिए लाखों मछुआरों ने दूर भागने की कोशिश की, लेकिन पलक झपकते ही तेज लहरों ने उन्हें मौत की आगोश में ले लिया। इस आपदा में ढ़ाई लाख से भी ज्यादा लोगों की जान गई। भारत में सुनामी की वजह से 730,000 लोग विस्थापित हुए। सुनामी की एक 65 फुट ऊंची लहर श्रीलंका में ट्रैक पर चल रही एक ट्रेन को ही बहा ले गई और उसमें सवार 1000 लोग बेमौत मारे गए।

**इन्हें है खतरा**

धरती की जो प्लेट्स या परतें जहां-जहां मिलती हैं, वहां के आसपास के समुद्र में सुनामी का खतरा ज्यादा होता है। जैसे आस्ट्रेलियाई परत और यूरेशियाई परत जहां मिलती हैं, वहां स्थित है सुमात्रा, जोकि दूसरी तरफ फिलीपीनी परत से जुड़ा हुआ है। सुनामी लहरों का कहर वहां भयंकर रूप में देखा जा रहा है।

ये भी जानें

## सूरज के साथ सफर

- कमल का फूल सूर्योदय के साथ खिलता है और शाम होते-होते मुरझा-सा जाता है मानो वह पुनः बंद हो गया हो।
- सूरजमुखी के फूल का मुंह सुबह सूर्य की ओर होता है, दोपहर में ऊपर (सूर्य की ओर) तथा शाम को पश्चिम की ओर होता है।
- अफ्रीका के 'आइवरी कोस्ट' के जंगलों में एक ऐसा वृक्ष होता है, जिसके पत्ते दिन में फैलते हैं और रात को सिकुड़ जाते हैं। रात को बंद पत्तों वाला यह वृक्ष एक फुटबॉल की तरह दिखाई देता है।
- अमेरिका में एक ऐसा वृक्ष भी पाया जाता है, जो हिलने पर मनुष्य के हंसने के समान आवाज करता है।
- भारत में छुई-मुइ का पौधा भी मिलता है। इसे छूते ही इसकी पत्तियां सिमट जाती हैं। हाथ दूर करते ही इसकी पत्तियां पुनः धीरेधीरे खुलने लगती हैं। ये पत्तियां इमली की पत्तियों जैसी होती हैं।
- एक ऐसा वृक्ष भी है, जो अलग-अलग जाति व प्रकार के 14 फूल देता है। इन फूलों के रंग, आकार और प्रकार भी अलग-अलग होते हैं।
- बाज पक्षी अपने पंखों को लगभग नौ फुट तक फैला सकता है।
- उल्लू अपनी गर्दन को लगभग 270 डिग्री तक घुमा सकता है।
- न्यूजीलैंड में पाए जाने वाले पक्षी किवी की नज़र कमजोर होती है, वह केवल 6 फुट की दूरी तक ही देख पाता है।
- आस्ट्रेलिया में पाया जाने वाला पक्षी ऐमू पत्थर लकड़ी सब हज्म कर जाता है।
- मादा बुलबुल गाती नहीं है, केवल नर ही गाता है।



# दोस्ती हो तो ऐसी



**नदन** वन में रामू हिरण, मिक्की चूहे और कालू बाज की दोस्ती हो गई। जंगल में जिसे भी पता लगा, उसीने उनका मजाक उड़ाया। भीमू भालू ने तो यहां तक कह दिया, 'यह दोस्ती दो दिन से ज्यादा नहीं चलने वाली। देखना, कालू मिक्की को दोस्ती की आड़ में खा जाएगा।'

रामू हिरण के झुंड के एक सदस्य ने उनका मजाक बनाते हुए कहा, 'कहां तू इतना बड़ा और कहां तेरे छोटे-छोटे दोस्त। बाज तो हमेशा से लालची रहे हैं, वो तुम से क्या दोस्ती निभाएगा। और चूहे जैसे छोटे से जानवर से दोस्ती करके तुम्हें क्या फायदा।'

तीनों की दोस्ती पर हर किसी ने ऐतराज जताया, परन्तु उन्होंने किसी की परवाह नहीं की। तीनों रोजाना सवेरे नदी के किनारे मिलते और मिलकर खेलते। कभी मिक्की रामू के कान में अपनी पूंछ से छेड़छाड़ करता, तो कभी रामू कालू को अपनी पीठ पर घूमाता। इस तरह दिन बीतते गए। एक दिन वन में एक शिकारी आया। उसने शेर को पकड़ने के लिए रात को जाल बिछाया। सवेरे नदी पर पानी पीने निकले रामू हिरण और हिरणों के झुंड का सरदार उसमें फंस गए। सुबह शिकारी अपने बिछाए जाल की ओर निकल पड़ा। उधर, नदी के दूसरे किनारे मिक्की और कालू रामू का इंतजार कर रहे थे। जब बहुत समय बीत जाने के बावजूद रामू नहीं आया, तो मिक्की ने कालू को कहा, 'भाई, तू जाकर देख, कहीं रामू बीमार तो नहीं हो गया। उसने तो आज बहुत देर कर दी, मुझे तो उसकी चिंता हो रही है।'

कालू उड़कर रामू को देखने के लिए निकला। उसने इधर-उधर देखा, पर उसे रामू नजर नहीं आया। तभी उसे रामू केझुंड का एक हिरण नजर आया। वह रो रहा था। कालू ने उससे रोने का कारण पूछा, तो उसने बताया, 'कालू, हमारे झुंड का सरदार और रामू दोनों शिकारी के जाल में फंस गए हैं।'

हिरण की बात सुनते ही कालू फटाफट उड़कर मिक्की के पास आया और उसे सारी स्थिति के बारे में बताया। मिक्की ने कहा, 'कालू, तुम घबराओ मत। तुम मुझे वह जगह बता दो, जहां रामू शिकारी के जाल में फंसा हुआ है। मैं अभी उसे जाकर बचाता हूं।' 'वह जगह नदी का दूसरा किनारा है, जहां जानवर पानी पीने आते हैं। तुम जब तक वहां पहुंचोगे, वह शिकारी हमारे दोस्त को मार चुका होगा। इस लिए अगर तुम्हें कोई ऐतराज ना हो, तो मैं तुम्हें अपने पंजों से पकड़ कर वहां ले जाता हूं। ऐसे हम जल्दी वहां पहुंच जाएंगे,' कालू ने कहा।

मिक्की को कालू का आईडिया पसंद आया। कालू ने मिक्की को अपने पंजे से पकड़ लिया और उसको लेकर उड़ चला। रास्ते में जितने भी जानवरों ने देखा उन्होंने यही सोचा कि शायद कालू मिक्की को मार कर खाने के लिए ले जा रहा है।


कालू मिक्की को उस जगह ले गया जहां रामू और उसके झुंड का सरदार जाल में फंसे हुए थे। मिक्की ने कालू को कहा, 'यार, तू उड़कर यह देख कि कहीं शिकारी तो नही आ रहा है। तुम उस पर नजर रखो, मैं अपने तीखे दांतों से जाल को काट देता हूं।'

मिक्की ने जाल काटना शुरू किया। जाल बहुत बड़ा था और मिक्की अकेला। फिर भी उसने हिम्मत नहीं हारी। उधर जाल में फंसे रामू को सरदार मिक्की के साथ दोस्ती करने के लिए धन्यवाद कर रहा था। उसने मिक्की से कहा, 'मुझे तुम लोगों की दोस्ती पर ऐतराज था, परन्तु तुम लोगों ने आज अपनी सच्ची दोस्ती साबित करके दिखाई है।'

तभी कालू ने वहां आकर कहा, 'मिक्की जल्दी कर, थोड़ी दूरी पर मुझे एक इंसान इधर आता हुआ दिखाई दिया है। लगता है कि वही शिकारी है। मिक्की ने जाल को काटने का काम और तेज कर दिया। मिक्की और कालू को रामू और उसके सरदार की मदद करते हुए देख कर दूसरे जानवर भी उनकी मदद के लिए वहां आ गए।

भीमू भालू ने शिकारी पर अचानक हमला कर दिया। अकस्मात हुए हमले से शिकारी डर गया और वहां से भाग गया। मिक्की ने अपने नुकीले दांतों से जाल को काट दिया और रामू व सरदार को आजाद करवाया। अब सभी उनकी दोस्ती की तारीफ कर रहे थे और कह रहे थे, 'दोस्ती हो तो ऐसी।'

हम बताएं, आप बनाएं



# ये हमारा सौरमंडल

**बच्चो** सौरमंडल का जिक्र आते ही आप सूर्य और उसके गिर्द घूमते ग्रहों के बारे में सोचने लग गए होंगे। सभी ग्रह गुरुत्वाकर्षण के कारण सूर्य के गिर्द एक सीमित दूरी और रफ्तार से घूमते रहते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अब हमारे सौरमंडल में नौ ग्रहों की बजाए 8 ग्रह हैं। 2006 में नौवें ग्रह प्लूटो को सौरमंडल से बाहर करके एक बोने ग्रह का दर्जा दे दिया गया था। आइए जानें-

**सूर्य-** यह पृथ्वी से 109 गुणा बड़ा है। इसका पुंज संपूर्ण सौरमंडल के 99.98 प्रतिशत के समकक्ष है। इसमें लगातार आणविक विखंडन होता रहता है, जो हाइड्रोजन को हीलियम में बदलता है। इसकी पीली सतह को फोटोस्फीयर कहते हैं।

**मरक्यूरी ( बुद्ध ग्रह )-** यह हमारे सौरमंडल का सबसे पहला और सबसे छोटा ग्रह है, जो चांद जैसा दिखाई देता है। यह सूर्य की परिक्रमा 87.969 दिनों में पूरी करता है। इस ग्रह पर कोई वातावरण नहीं।

**वीनस-** (शुक्र ग्रह)- दूसरा ग्रह वीनस पृथ्वी का पड़ोसी ग्रह भी माना जाता है। यह सूर्य की परिक्रमा 224.7 दिनों में पूरी करता है। सबसे चमकदार होने के कारण इसे ध्रुव तारा भी कहा जाता है। प्यार और सौंदर्य की प्रतीक रोमन देवी वीनस पर इसका नाम पड़ा।

**पृथ्वी-**हमारी प्यारी पृथ्वी सौरमंडल के तीसरे ग्रह के रूप में जानी जाती है। केवल इस पर ही जीवन मुमकिन है। यह सूर्य की परिक्रमा लगभग 365 दिनों (1 साल) में पूरी करती है। इसका 71 प्रतिशत भाग पानी से ढंका है, जिस कारण इसे नील ग्रह भी कहा जाता है। इसके वातावरण में 21 प्रतिशत आक्सीजन, 78 प्रतिशत नाइट्रोजन है। जीव-जंतुओं और प्रकृति के आधार पर पृथ्वी सौरमंडल का सबसे सुंदर ग्रह है।


**मार्स- ( मंगल ग्रह ) -** मंगल को लाल ग्रह भी कहा जाता है, क्योंकि आयरन ऑक्साइड की ज्यादा मात्रा के कारण इसका रंग लाल प्रतीत होता है। पृथ्वी की तरह ही इसके भी दोनों ध्रुवों पर बर्फ पाई जाती है। सूर्य का चक्कर यह लगभग 686.98 दिनों में पूरा करता है।

**जूपिटर-** (बृहस्पति) सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह, जिसमें पृथ्वी जैसे 1 हजार से अधिक ग्रह समा सकते हैं। इसके 63 चांद हैं। यह ग्रह गैसों का विशाल भंडार है, जिसमें 75 प्रतिशत हाइड्रोजन है, जिसके कारण इसके धरातल पर विशाल तूफान चलते रहते हैं।

**सैटर्न ( शनि ग्रह ) -** सौरमंडल में छठे स्थान पर दूसरा सबसे बड़ा ग्रह है। इसके कम से कम 62 चंद्रमा हैं। इस ग्रह के चारों ओर मौजूद गोल छल्ले उन बर्फ और पत्थर के टुकड़ों से बने हैं, जो शायद कॉमैट्स और एस्टेरॉइड्स के हिस्से रहे हों। सूर्य का चक्कर लगाने में इसे 29 वर्ष 168 दिन लग जाते हैं।

**यूरेनस-** सातवां ग्रह यूरेनस तीसरा सबसे बड़ा ग्रह है। शनि ग्रह की भांति ही इसके इर्द-गिर्द भी छल्ले हैं। यह सूर्य की परिक्रमा 84 सालों में पूरी करता है।


**नैप्च्यून-** यह सबसे दूरस्थ ग्रह है। सूर्य की परिक्रमा 164.79 सालों में पूरी करता है, लेकिन इसका वर्ष इतना बड़ा है कि इसकी पहली परिक्रमा जुलाई 2011 में पूरी होगी।



नॉलेज बाइट



**बच्चो,** पिछले दिनों क्रिकेट का बुखार लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा था। पर यहां हम आपको प्राचीन ओलंपिक खेलों के बारे में बताने लगे हैं। आपको बता दें कि सबसे पहले ओलंपिक खेल ग्रीस के ओलंपिया शहर में खेले गए थे, लेकिन आधुनिक ओलम्पिक खेलों का इतिहास शुरू होता है 1896 से जब एक बार फिर ग्रीस में इन खेलों की शुरुआत हुई। तब से लगातार हर चार साल में इन खेलों का आयोजन होता रहा है, बस 1940 और 1944 को छोड़कर जब ये खेल विश्वयुद्ध के कारण नहीं हो पाए। यह विश्व का सबसे बड़ा खेलों का आयोजन होता है, जिसमें दुनिया के कई देश शामिल होते हैं।




**अब** किताबों की बात। आपने किताबों के बारे में कई तरह के रोचक तथ्यों के बारे में सुना होगा। सबसे बड़ी, सबसे छोटी किताब आदि के बारे में तो आप सुन चुके होंगे। हो सकता है सबसे महंगी किताब के बारे में भी आपने सुना हो, मगर यहां हम आपको अंग्रेजी के लेखक जैफरी चौसर की लिखी 'कैंटबरी टेल्स' के बारे में बताने लगे हैं। इसे अब तक की सबसे मंहगी पुस्तक माना जा सकता है। सन 1998 में हुई नीलामी में पहले संस्करण की एक प्रति 46 लाख पाउंड में बिकी और इसे खरीदा लंदन के एक पुस्तक विक्रेता मैग्स ब्रदर्स ने। यह पहला संस्करण 1477 में छपा था। प्रतियां थीं सिर्फ एक दर्जन।



**अंत** में बात शहीद मंगल पांडे की। मंगल पांडेय उत्तर प्रदेश के बलिया ज़िले के नागवा गांव के रहने वाले थे। वह ईस्ट इंडिया कंपनी की 34 वीं बंगाल नेटिव इंफैन्ट्री रैजिमैंट की पांचवी कंपनी के सिपाही थे। भारतीय सिपाही एक नई तरह की कारतूस के इस्तेमाल का विरोध कर रहे थे, जिस पर कथित रूप से गाय और सुअर की चर्बी चढ़ी थी। चलाने से पहले इसे मुंह से काटना पड़ता था। इसके विरोध में मंगल पांडेय ने कलकत्ता के निकट, बैरकपुर में एक अंग्रेज अधिकारी पर हमला किया, जिसके बाद उनका कोर्ट मार्शल हुआ और उन्हे फांसी पर लटका दिया गया। इस घटना के बाद अंग्रेजों के खिलाफ असंतोष की आग ऐसी फैली कि उसने गदर का रूप ले लिया।




# आरबीआई ने साउथ इंडियन बैंक पर 59.20 लाख रुपए का लगाया जुर्माना

नई दिल्ली,09 नवंबर (एजेंसियां)।

**रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने साउथ इंडियन बैंक पर 59.20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने बैंक पर ये जुर्माना 'जमा पर ब्याज दर' और 'बैंकों में ग्राहक सेवा' पर कुछ निर्देशों के अनुपालन में खामी की वजह से लगाया है।**

आरबीआई ने जारी एक बयान में बताया कि साउथ इंडियन बैंक पर जमा पर ब्याज दर और ग्राहक सेवा से जुड़े नियमों का उल्लंघन करने के लिए 59.20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

बैंक नियामक ने जांच में पाया कि बैंक ने कुछ ग्राहकों को बिना उचित सूचना के अकाउंट में न्यूनतम शेष राशि न रखने और कुछ एनआरई बचत खातों पर गलत तरीके से ग्रहणाधिकार अंकित करने के लिए दंडित किया है।

रिजर्व बैंक ने बैंक की 31 मार्च, 2023 तक वित्तीय स्थिति के संदर्भ में बैंक के पर्यवेक्षी मूल्यांकन के लिए एक वैधानिक निरीक्षण किया था। आरबीआई के निर्देशों और संबंधित पत्राचार के गैर-अनुपालन के आधार पर साउथ इंडियन बैंक को एक नोटिस भी जारी किया था। केंद्रीय बैंक के नोटिस पर बैंक के जवाब तथा व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान दिए गए मौखिक प्रस्तुतीकरणों पर विचार के बाद आरबीआई ने बैंक के विरुद्ध लगाए आरोप को सत्य पाने के बाद मौद्रिक जुर्माना लगाया है।

आरबीआई ने कहा कि बैंक पर यह जुर्माना वैधानिक और नियामकीय अनुपालन में कमियों पर आधारित है। इसका उद्देश्य बैंक के द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर कोई प्रभाव डालना नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### टेस्ला का मार्केट कैप एक ट्रिलियन डॉलर के पार, एलन मस्क की कंपनियों को ट्रंप की जीत से फायदा मिलने की उम्मीद




**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डॉनल्ड ट्रंप जीत के बाद उनके समर्थन में खुलकर उतरे एलन मस्क को बड़ा फायदा होता दिख रहा है। टेस्ला का बाजार मूल्य 1 ट्रिलियन डॉलर के स्तर पार कर गया, जो बहुत सालों बाद हुआ। एलन मस्क की कंपनियों को ट्रंप की जीत से फायदा मिलने की उम्मीद है। टेस्ला की शेयरों में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे कंपनी का मूल्यांकन 1 ट्रिलियन डॉलर के स्तर को पार कर गया। यह वृद्धि 230 बिलियन डॉलर से अधिक की है, जो कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सीएफआरए रिसर्च के एक इक्विटी विश्लेषक के अनुसार टेस्ला और एलन मस्क शायद चुनाव परिणाम के बाद सबसे बड़े विजेता होंगे। उनका मानना है कि ट्रंप की जीत से टेस्ला की स्वचालित ड्राइविंग तकनीक के विनियमक अनुमोदन में मदद कर सकती है। अरबपति टेस्ला की योजना के अनुसार स्वचालित वाहनों के अनुकूल विनियमन के लिए दबाव डाल सकते हैं। मस्क ने स्व-चालित वाहन प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित किया है, जो आगे बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण है। टेस्ला ने तिमाही लाभ मार्जिन में वृद्धि की और महत्वपूर्ण योजनाएं बताई। इस सबके चलते कंपनी की मूल्यांकन में उछाल आया और उम्मीद है कि एलन मस्क के नेतृत्व में टेस्ला नए ऊंचाइयों को छूएगा।

### हर्षवर्धन अग्रवाल फिक्की के अध्यक्ष निर्वाचित, 21 नवंबर को संभालेंगे कार्यभार

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े उद्योग निकाय भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) ने हर्षवर्धन



अग्रवाल को नया अध्यक्ष चुना है। उद्योग निकाय फिक्की की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति की बैठक (एनईसीएम) में हर्षवर्धन अग्रवाल अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। वे 21 नवंबर को 97वीं वार्षिक आम बैठक के समापन पर अपना कार्यभार संभालेंगे। वे वर्तमान में फिक्की के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। उद्योग संगठन ने बताया है कि इमामी लिमिटेड के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक हर्षवर्धन अग्रवाल को 2024-25 के लिए उद्योग मंडल फिक्की का अध्यक्ष चुना गया है। अग्रवाल 21 नवंबर को राजधानी नई दिल्ली में आयोजित होने वाली फिक्की की 97वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के समापन पर महिंद्रा एंड महिंद्रा समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक और मौजूदा अध्यक्ष डॉ. अनीश शाह की जगह लेंगे। उल्लेखनीय है कि हर्षवर्धन अग्रवाल 3.1 अरब अमेरिकी डॉलर के विविध व्यवसाय समूह इमामी के दूसरी पीढ़ी के नेता हैं। उन्हें 2016 में द इकोनॉमिक टाइम्स और स्पेंसर स्टुअर्ट द्वारा प्रतिष्ठित अंडर 40 सूची में भारत के सबसे हॉट यंग बिजनेस लीडर के रूप में सम्मानित किया गया था। वे अपने व्यापक बहु-कार्यात्मक ज्ञान और अनुभव के साथ अग्रवाल समूह इमामी लिमिटेड के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में एफएमसीजी व्यवसाय का नेतृत्व करते हैं। हर्षवर्धन अग्रवाल एक कुशल रणनीतिकार, विविध इमामी समूह के रणनीतिक थिंक-टैंक के एक प्रमुख सदस्य भी हैं, जो संगठन के विकास को आगे बढ़ाते हैं।

### वेदांता का मुनाफा वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही बढ़कर 4,352 करोड़ हुआ, पिछले साल की इसी अवधि में 1,783 करोड़ का घाटा दर्ज किया गया था




**नई दिल्ली ।** माइनिंग सेक्टर की प्रमुख कंपनी वेदांता का मुनाफा वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में बढ़कर 4,352 करोड़ रुपए हो गया है, जबकि पिछले साल की इसी अवधि में 1,783 करोड़ रुपए का घाटा दर्ज किया गया था। कंपनी के ऑपरेशन से प्राप्त रेवेन्यू (टॉपलाइन) में 3.4 फीसदी की गिरावट आई है और यह : 37,634 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 38,945 करोड़ रुपए । ऑपरेशनल मोर्चे पर एबिडिटा में सालाना आधार पर 14.4 फीसदी की गिरावट आई है। सितंबर तिमाही में यह 9,828 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 11,479 करोड़ रुपए था।

# ट्रंप की जीत व फेडरल की कटौती से भारतीय शेयर बाजार में कंसोलिडेशन जारी

**भारत की घरेलू मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में आई तेजी सकारात्मक संकेत**



मुंबई,09 नवंबर (एजेंसियां)।

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप जीत और सत्ता में वापसी और फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती के चलते भारतीय शेयर बाजार में कंसोलिडेशन जारी रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की भारी बिकवाली के कारण बाजार में उतार-चढ़ाव आया, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) और उच्च नेटवर्थ व्यक्ति (एचएनआई) ने बाजार को समर्थन दिया। विशेषज्ञों के मुताबिक शेयर बाजार की वर्तमान स्थिति विशेष रूप से अत्यधिक मूल्यांकन वाले क्षेत्रों में कंसोलिडेशन (समेकन) की प्रक्रिया को दर्शाती है। एफआईआई की बिक्री के बावजूद भारतीय शेयर बाजार लचीला बना है क्योंकि घरेलू निवेशकों ने गिरावट को सहन किया और बाजार को मजबूत किया। अक्टूबर में डीआईआई ने भारतीय इक्विटी में 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश किया, जिससे भारतीय शेयर बाजार अपने वैश्विक समकक्षों से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। भारत की घरेलू मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में आई तेजी सकारात्मक संकेत है। विशेषज्ञों का मानना है कि आगामी आम चुनावों के बाद सरकारी खर्चों में वृद्धि होने की संभावना है, जिससे वित्त वर्ष 2025 की दूसरी छमाही में कॉर्पोरेट आय में सुधार हो सकता है। तीसरी तिमाही में त्योहारी सीजन के कारण खपत में तेजी आ सकती है, जो बाजार की धारणा को सकारात्मक दिशा में प्रभावित कर सकता है। वैश्विक स्तर पर ट्रंप की वापसी ने राजनीतिक अनिश्चितता को कम किया है, जिससे वैश्विक बाजारों को राहत मिली है। इसके साथ ही फेड द्वारा ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती से भी बाजार में स्थिरता आई। अक्टूबर में एफआईआई द्वारा 113,858 करोड़ रुपए की बिकवाली के बाद नवंबर में एफआईआई ने अब तक 19,849 करोड़ रुपए की इक्विटी बेची है।

## शुल्क कार्गो सेवा प्रदाताओं के लिए माल के लिए बीमा अवधि, लाइसेंस नियमों में छूट



**नई दिल्ली।** सरकार ने पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार करने के लिए कई मुख्य कदम उठाये हैं। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने सीमा शुल्क कार्गो सेवा प्रदाताओं के लिए कई छूटों की घोषणा की है। इसके अलावा वित्त मंत्रालय ने यह निर्णय लिया है कि सीमा शुल्क क्षेत्र के अंतर्गत भंडारण वस्तुओं के बीमा की अवधि को मामूली संख्या के दिनों के लिए कम किया जाए। इस निर्णय से सीसीएसपी को सीमा शुल्क क्षेत्रों में संग्रहित वस्तुओं का 5 दिनों के लिए बीमा करने की आवश्यकता होगी, जो न केवल व्यवसायिक सुविधाओं को बढ़ावा देगा बल्कि नकदी प्रवाह में वृद्धि भी सुनिश्चित करेगा। यह नए उद्यमों को प्रवाहित वित्त पहुंचाने में मदद मिलेगी और देश की अर्थव्यवस्था को नया ऊँचाई देगी। इस प्रकार, सरकार ने एक और कदम उठाकर व्यापारिक लोगों को वित्तीय तनाव से राहत देने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

# मेडिकल डिवाइस आत्मनिर्भर बनाने को सरकार ने लांच की 500 करोड़ की योजना

नई दिल्ली,09 नवंबर (एजेंसियां)।

केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने भारत के चिकित्सा उपकरण उद्योग को मजबूत प्रदान करने के लिए 500 करोड़ रुपये की योजना को प्रारंभ किया है। इस योजना का उददेश्य मुख्य घटकों और सहायक उपकरणों का निर्माण, कौशल विकास, क्लिनिकल स्टडीज का समर्थन, सामान्य इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास और उद्योग को बढ़ाने पर होगा। बताया जा रहा है कि इस योजना का शुरुआती बजट 500 करोड़ रुपये होगा, जो तीन साल तक के लिए है और वित्तीय वर्ष 2026-27 तक चलेगा।



**बजट तीन साल तक है और वित्तीय वर्ष 2026-27 तक चलेगा**

इस योजना में पांच घटक शामिल हैं, जिनमें मेडिकल डिवाइस क्लस्टर्स के लिए सामान्य सुविधाएं, क्षमता निर्माण और कौशल विकास, आयात निर्भरता को कम करने के लिए एक सीमित निवेश योजना, क्लिनिकल स्टडीज का समर्थन और एक मेडिकल डिवाइस प्रमोशन योजना शामिल हैं।

इस योजना के तहत, भारत में लगभग 20 मेडिकल डिवाइस क्लस्टर्स के लिए शोध और विकास लैब्स, डिजाइन और टेस्टिंग सेंटर और पशुओं के लैब्स जैसी सामान्य सुविधाओं का निर्माण करके इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए 110 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसमें टेस्टिंग सेंटरों को बढ़ना भी शामिल होगा। रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सामान्य सुविधाओं के लिए 20 करोड़ रुपये और टेस्टिंग सुविधाओं के लिए 5 करोड़ रुपये तक का अनुदान प्रदान किया जाएगा। इसी तरह मेडिकल डिवाइसों के निर्माण में उपयोग किए जाने वाले प्रमुख घटकों और कच्चे माल के उत्पादन को प्रोत्साहित करके वैल्यू चेन को बढ़ाने के लिए सीमांत निवेश योजना के लिए 180 करोड़ रुपये की रूपरेखा तैयार की गई है, जिससे आयात निर्भरता कम होगी। यह उप-योजना 10-20 प्रतिशत की एकमुश्त पूंजी सब्सिडी प्रदान करती है, जिसकी अधिकतम सीमा प्रति परियोजना 10 करोड़ रुपये है।

सरकार चिकित्सा उपकरणों की क्लिनिकल स्टडीज के लिए 100 करोड़ रुपये की सहायता योजना भी प्रदान करेगी, जिससे डेवलपर्स और निर्माताओं को पशु अध्ययन के लिए वित्तीय सहायता के लिए आवेदन करने और सफल होने पर मेडटेक उत्पादों को मान्य करने के लिए मानव परीक्षणों के लिए आवेदन करने में सक्षम बनाया जा सकेगा। जबकि इस सेक्टर में कौशल विकास के लिए 100 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं, मेडिकल डिवाइस उद्योग को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त 10 करोड़ रुपये का उपयोग किया जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### दलितों और...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुसूचित जाति समुदाय से एकजुट रहने का आह्वान किया और चेताया कि कांग्रेस उनके बीच मतभेद और विभाजन का फायदा उठाना चाहती है।

अगर आप एकजुट नहीं रहे और अपनी जातियों में विभाजित हो गए, तो कांग्रेस इसका फायदा उठाएगी और दलित समुदाय के अधिकार छीन लेगी। पीएम मोदी ने कांग्रेस समेत पूरे एमवीए पर हमलावर होते हुए कहा कि कांग्रेस और एमवीए एससी समुदाय को कमजोर करके अपनी सरकार बनाने की जुगत में है।

### भाजपा के रहते ...

अमित शाह ने कहा कि हम यहां राज्य में भाजपा की सरकार लाने की अपील करने आए हैं , क्योंकि मौजूदा राज्य सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी की सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। उन्होंने कहा कि क्या किसी ने कभी 300 करोड़ रुपए एक साथ देखे हैं? कांग्रेस के एक सांसद के घर से 300 करोड़ रुपए से अधिक जब्त किए गए। उन्होंने पैसे गिनने के लिए करीब 27 मशीनें लाई गईं, लेकिन इतनी बड़ी रकम गिनने के बाद वे मशीनें थक गईं। आलमगीर आलम राज्य सरकार में मंत्री थे। यहां तक कि उनके पीए के घर से 30 करोड़ रुपए जब्त किए गए, लेकिन न तो हेमंत सोरेन और न ही कांग्रेस ने उनका कुछ किया।

अमित शाह ने कहा कि यह पैसा आपका है, यह झारखंड के युवाओं और गरीबों का है, जिसे ये कांग्रेसी खा गए। अगर आप राज्य में भाजपा की सरकार बनाते हैं, तो हम भ्रष्ट लोगों को सलाखों के पीछे डाल देंगे।

### भारत में...

मेहता ने कहा कि वे भारत में छह और ट्रंप टावर विकसित करेंगे, जिनमें से एक मुंबई, पुणे, गुरुग्राम, बेंगलुरु, हैदराबाद और नोएडा में होगा।

वर्तमान में मुंबई, पुणे, गुड़गांव और कोलकाता में चार ऐसी ऊंची-ऊंची आलीशान ट्रंप सम्पत्तियां हैं। आने वाले महीनों में छह और ट्रंप टावर की लॉन्चिंग के साथ, भारत में ट्रंप की ऊंची-ऊंची इमारतों की संख्या सबसे अधिक होगी, जो संयुक्त राज्य अमेरिका से आगे निकल जाएगी। मेहता ने कहा, अमेरिका के बाहर भारत में ट्रंप टावरों की सबसे अधिक संख्या है। छह और लॉन्च के साथ, भारत में इनकी संख्या सबसे अधिक हो जाएगी।

छह नई परियोजनाओं में ट्रिबेका सह-डेवलपर होगी और यह एक स्थानीय डेवलपर के साथ साझेदारी करेगी। मेहता ने कहा, भूमि साझेदार की होगी, डिजाइन और उत्पाद विनिर्देश, ग्राहक प्रबंधन ट्रिबेका द्वारा देखा जाएगा। गुरुग्राम में पहले से ही लॉन्च की गई परियोजना में, उन्होंने कहा कि प्रति यूनिट कीमत प्रतिस्पर्धियों की तुलना में लगभग दोगुनी है, और बाजार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।

उन्होंने कहा कि गुरुग्राम परियोजना की प्रति यूनिट कीमत पिछले तीन सालों में दोगुनी हो चुकी है। प्रति वर्ग फीट कीमत 15500-16000 रुपए थी, जो बढ़कर 33,000 रुपए हो गई है। पूरी यूनिट में, वे 6-11 करोड़ रुपए से बढ़कर अब 11-24 करोड़ रुपए हो गए हैं। उन्होंने कहा, भारत में लग्जरी रियल एस्टेट का बाजार तेजी से बढ़ रहा है और मांग भी जोरदार रही है। उन्होंने कहा कि भारत में लग्जरी रियल एस्टेट अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर है। ट्रंप परियोजना के लिए भारत से बाहर की योजनाओं पर, मेहता ने किसी देश का नाम लिए बिना कहा कि उनकी कंपनी ट्रंप होटल के लिए एक पड़ोसी द्वीप देश की सरकार के साथ बातचीत कर रही है।

### प्रियंका गांधी...

से अलग एक इकाई है। जम्मू और कश्मीर में जमात-ए-इस्लामी इकाई यूएपीए के तहत प्रतिबंधित है।

सीएम विजयन ने कहा, जम्मू-कश्मीर में जमात हमेशा से चुनावों के खिलाफ रही है, लेकिन हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में वे भाजपा के पक्ष में खड़े थे, उन्होंने उस सीट पर पूरा ध्यान लगाया जहां सीपीआई (एम) नेता युसुफ तारिगामी चुनाव लड़ रहे थे।

इसका क्या कारण है? तारिगामी को क्यों हराना चाहते थे? यही भाजपा और चरमपंथी भी चाहते थे। सीएम विजयन ने कहा, कभी-कभी यहां केरल में जमात-ए-इस्लामी के लोग कहते हैं कि वे जम्मू-कश्मीर के जमात-ए-इस्लामी से अलग हैं। लेकिन जमात की एक ही नीति है, जो इस्लामी दुनिया की स्थापना है। वे किसी भी तरह की लोकतांत्रिक शासन प्रणाली को स्वीकार नहीं करते।

यही उनकी विचारधारा है और अब वे यूडीएफ (केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्षी गठबंधन) की मदद करना चाहते हैं। जमात-ए-इस्लामी के जरिए से एक चरमपंथी समूह इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग में प्रभाव हासिल करने की कोशिश कर रहा है।

### जल्दी ही सम्पूर्ण...

बीदर का किला, इब्राहिम रौजा आदि हैं। कुल 53 स्मारकों में से 43 को तो 2005 में ही वक्फ बोर्ड ने क्लेम कर दिया था। उसका कहना था कि ये वक्फ की सम्पत्ति है। खास बात ये है कि उक्त सभी स्मारकों को भारतीय पुरातत्व विभाग (एएसआई) के द्वारा संरक्षित किया गया है।

बावजूद इसके खुद को मिली असीमित शक्तियों का बेजा इस्तेमाल करते हुए वक्फ बोर्ड इन सभी को अपना बता रहा है। देश के विभिन्न राज्यों के वक्फ बोर्डों का मुँह सुरसा की फैलता जा रहा है। कर्नाटक वक्फ बोर्ड ने अब राज्य के ऐतिहासिक बीदर किले के अंदर स्थित 17 स्मारकों को अपनी सम्पत्ति के रूप में चिन्हित किया है। ये सम्पत्तियाँ किले के प्रमुख स्थलों में से शामिल हैं। यह किला भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएलआई) के तहत है। जबकि एएसआई को इसकी जानकारी नहीं है। इससे पहले कर्नाटक वक्फ बोर्ड विजयपुर के किसानों की 1200 एकड़ (लगभग 2000 बीघा) जमीन पर अपना हक जता चुका है। इसको लेकर किसानों को नोटिस भी जारी किया गया है।

### नेशनल कॉन्फ्रेंस...

प्रमुख दलों को आपसी संवाद और सहमति से काम करना जरूरी है। जम्मू-कश्मीर के वरिष्ठ पत्रकार राजू केरनी का कहना है कि केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद जम्मू-कश्मीर सरकार के इस पहले विधानसभा सत्र को ऐतिहासिक माना जा रहा था, लेकिन पूरे सत्र में जनता से जुड़े मुद्दों पर कोई गंभीर चर्चा होती नहीं दिखी है।

नेकां ने अपने चुनावी वादों को पूरे करने के लिए अनुच्छेद 370 और 35 ए को पीछे छोड़कर विशेष दर्जे का प्रस्ताव पारित करवाकर कश्मीर की अवाम के सामने अपना काम पूरा करने का दावा किया है, जबकि भाजपा ने अनुच्छेद 370 और 35 ए को प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर अपना एजेंडा बना लिया है जो नेकां के प्रस्ताव में शामिल ही नहीं है। उधर, पीडीपी ने भी स्मार्ट चाल खेलकर अनुच्छेद 370 और 35 ए की बहाली का प्रस्ताव लाकर कश्मीर में अपनी खोई हुई जमीन को बचाने की कोशिश की है।

राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि अनुच्छेद 370 के मुद्दे ने दोनों संभागों में एक बार फिर खाई गहरी करने का काम किया है।

चूंकि दोनों संभागों के भौगोलिक, सामाजिक, राजनीतिक परिदृश्य अलग हैं, ऐसे में दोनों संभागों में सोच और विचारधारा का भी अलग होना लाजमी है। विधानसभा का असली उद्देश्य जनता के हितों को सुनना और उनकी समस्याओं का समाधान करना है।

ऐसे में ऐसे संवेदनशील मुद्दों को परे रखते हुए वास्तविक मुद्दों पर सरकार और विपक्ष को गंभीरता से सोचना चाहिए। इसके लिए दोनों पक्षों में आपसी संवाद जरूरी है। जम्मू और कश्मीर के राजनीतिक और सामाजिक परिदृश्य को देखते हुए केंद्र सरकार को असाधारण स्थिति के समाधान के लिए भी असाधारण होना पड़ेगा।

इसका एकमात्र समाधान है कि जम्मू को कश्मीर से अलग किया जाए और कश्मीर को चंडीगढ़ जैसा केंद्र शासित प्रदेश बनाया जाए।

# भाजपा तेलंगाना सरकार के बारे में गलत सूचना फैला रही है : रेवंत रेड्डी



**हैदराबाद/मुंबई, 09 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शनिवार को महाराष्ट्र के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं पर राज्य (तेलंगाना) की कांग्रेस नीत सरकार के बारे में गलत जानकारी फैलाने का आरोप लगाया।

श्री रेड्डी ने आज मुंबई में मीडिया से बातचीत के दौरान आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महाराष्ट्र में कांग्रेस के वादों के क्रियान्वयन के बारे में झूठ फैलाने में शामिल हो गए हैं।

उन्होंने कहा, अगर मोदी झूठ फैलाना बंद नहीं करते हैं, तो हम सच पेश करते रहेंगे।इसलिए मैं यहां महाराष्ट्र के लोगों को तेलंगाना से किए गए छह प्रमुख वादों को पूरा करने में हुई वास्तविक प्रगति के बारे में बताने आया हूं।मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या की दर सबसे अधिक है।

उन्होंने किसानों के कल्याण की उपेक्षा करने के लिए केंद्र और राज्य दोनों सरकारों की आलोचना की।

श्री रेड्डी ने कहा, श्री मोदी ने अडानी और अंबानी जैसी बड़ी कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए कानून बनाने की कोशिश की, लेकिन तेलंगाना में हमने किसानों को कर्ज से राहत देने का वादा किया और उसे पूरा किया।

हमने 25 दिनों के भीतर 2,222,067 किसानों के 17,869 करोड़ रुपये के कर्ज माफ किए।

उन्होंने कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस सरकार ने सत्ता संभालने के पहले 10 महीनों के भीतर 50 हजार सरकारी नौकरियां सृजित कीं और महालक्ष्मी योजना शुरू की, जिसके तहत 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराया जाता है। इसके अलावा, 200 यूनिट मुफ्त बिजली से लगभग 50 लाख लोग लाभान्वित हुए हैं, जबकि किसानों को प्रति क्विंटल चावल पर 500 रुपये का समर्थन मूल्य दिया जा रहा है।श्री रेड्डी ने बताया कि एक करोड़ से ज्यादा महिलाओं ने मुफ्त बस यात्रा का लाभ उठाया है, जिसके लिए सरकार ने आरटीसी को 3,541 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। उन्होंने कहा, हमारी मांग है कि मोदी सरकार हमारे राज्य के प्रयासों का सम्मान करे।

# श्री रामा जीवा सेवा सदन में अन्नकूट महाप्रसाद आयोजित

**हैदराबाद, 09 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नंदिगाम पटनचेरू स्थित श्री रामा जिवा सेवा सदन गौशाला मे अन्नकूट महाप्रसाद संबंधी निमंत्रण पत्रिका का विमोचन किया गया।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में श्री रामा जिवा सेवा सदन गौशाला के अध्यक्ष दुर्गाप्रसाद एवं मंत्री कमल मर्दा ने बताया कि शनिवारको नंदिगाम पटनचेरू स्थित श्री रामा जिवा सेवा सदन गौशाला मे गोपाष्टमी के पावन अवसर पर गोपाष्टमी महोत्सव एवं अन्नकूट महाप्रसाद अंतर्गत छप्पन भोग व गोवर्धन दर्शन एवं गौमाता के लिए निर्मित नये भवन का उद्घाटन, सुंदरकांड पारायण, भजन कार्यक्रम एवं मध्याह्न 12.31 बजे से अन्नकूट महाप्रसाद का आयोजन भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ।



उन्होंने आगे कहा कि सोमवार को आयोजित अन्नकूट महाप्रसाद कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे गुप्ता रियालिटी के फाउंडर चेयरमैन वीरा बोम्मा श्रीनिवास गुप्ता, विशेष अतिथि के रूप मे और अध्यक्ष व होपफाउंडेशन के चेयरमैन कोन्डा विजय ने भाग लिया। वहीं गौशाला के संस्थापक सलाहकार पुरूषोत्तमदास सोनी, वेदमाता गायत्री चेरिटेबल ट्रस्ट के रमेश व्यास, गौशाला अध्यक्ष दुर्गाप्रसाद, मंत्री कमल मर्दा, सहमंत्री गिरीधर बाबु, उपाध्यक्ष गणेश सोनी, प्रभुराम चौधरी, महेन्द्र कुमावत, नथुराम कुमावत, भेराराम कुमावत, अशोक कुमावत, प्रभुराम सिरवी, हीरालाल सीरवी, जगदीश पटेल, रविन्द्र, रामगोपालन, परमेश्वर, कोमल कोठारी, नाथुराम कुमावत, पुष्पा मर्दा, भावना पटेल, पुष्पा मर्दा, चंद्रकान्ता सोनी, पूजा तापडिया, अनुप गर्ग, कांतिलाल नागला, एस.पी. मोदानी, पटनचेरू महिला मंडल की सदस्याये आदि उपस्थित थे।प्रचार प्रसार संयोजक राजेश तापडिया ने बडी संख्या मे गोप्रेमियो ने प्रत्येक गौमाता का मासिक खर्च 3000 रूपये, प्रत्येक दिन की हरी घाँस खर्च सेवा 11,000, गौशाला आजीवन सदस्या 11000 रुपए (कोरपस फंड) आदि मे सहयोग प्रदान किया किया। गौशाला मे तुलादान व गौदान की भी व्यवस्था की गयी है। गौशाला के प्रचार मंत्री राजेश तापडिया ने पधारे सभी दानदाताओ, सहयोगियों एवं गौभक्तो का आभार व्यक्त किया। गौशाला को दिये गये दान आयकर की धारा 80 जी के तहत छूट प्राप्त है अतः सीएसआर फंड के माध्यम से या अपने यहाँ आयोजित मांगलिक आदि कार्यक्रमो के अवसर पर गौसेवा अंतर्गत दान अवश्य निकाले एवं गौशाला को सहयोग करे ।

# किसानों से अनाज खरीदने में विफल रही कांग्रेस सरकार : किशन रेड्डी

**यादाद्री भुवनागिरी, 09 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** केंद्रीय मंत्री और तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने राज्य सरकार पर किसानों से अनाज खरीदने में विफल रहने का आरोप लगाया, जबकि वे फसल काटने और उसे बाजार तक लाने में कड़ी मेहनत कर रहे हैं।शनिवार को पोचमपल्ली में धान खरीद केंद्र के दौरे के दौरान रेड्डी ने वारंगल रायतु घोषणा के तहत किए गए वादों को पूरा नहीं करने के लिए कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की आलोचना की, जो 11 महीने से सत्ता में है।वादों में प्रति किसान 2 लाख रुपये की ऋण माफी, रायतु भरोसा के तहत 15,000 रुपये और काश्तकारों को 12,000 रुपये की सहायता, साथ ही कपास और अन्य फसलों के लिए 500 रुपये का बोनस शामिल था – लेकिन उनका दावा है कि ये सभी वादे अधूरे रह गए हैं।



उन्होंने कहा, केवल आंशिक ऋण माफी जारी की गई है, और अनाज पर वादा किए गए बोनस की उपेक्षा की गई है, उन्होंने कहा कि सरकार ने शुरू में सभी अनाजों के लिए बोनस देने का वादा किया था, लेकिन अब इसे केवल कुछ छोटे अनाजों तक सीमित कर दिया है, तेलंगाना के किसानों द्वारा व्यापक रूप से उगाए जाने वाले बड़े किस्मों को छोड़कर। रेड्डी ने आगे आरोप लगाया कि राज्य में लगभग 64 लाख किसानों के पास फसल ऋण है, केवल 17 लाख ने कोई ऋण माफी देखी है। उन्होंने कहा कि 100 दिनों के भीतर वितरित करने के वादे के बावजूद, आवश्यक सहायता नहीं मिली है। रेड्डी ने हैदराबाद की मूसी नदी की सफाई जैसी बड़ी परियोजनाओं पर देरी से कार्रवाई पर चिंता व्यक्त की और नदी के किनारे के घरों को ध्वस्त करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सरकार की आलोचना की। अनाज खरीद के संबंध में दिल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के पिछले विरोध को संबोधित करते हुए, रेड्डी ने टिप्पणी की, मुख्यमंत्री को केवल विरोध प्रदर्शन करने के बजाय यहां के किसानों की चिंताओं को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि पिछले दो महीनों से किसानों से अनाज की खरीद न होने और खरीद केंद्रों पर राज्य के अधिकारियों की कम भागीदारी के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# मां दुर्गा कृपा संस्था चैरिटेबल ट्रस्ट का अन्नदानम आयोजित

**हैदराबाद, 09 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मां दुर्गा कृपा संस्था चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा कोठी स्थित ईएनटी अस्पताल में मरीज़ों के सहायक हेतु अन्नदान का कार्यक्रम गोपाष्टमी के अवसर पर आयोजित किया गया।

प्रेस विज्ञप्ति में संस्था के प्रचार व प्रसार संयोजक मुकुंद लाल अग्रवाल ने जनकारी देते हुए बताया कि मरीज़ों के क़रीब 200 सहायकों एवं अस्पताल के कर्मचारियों हेतु यह अन्नदान सेवा आयोजित की गई। इसमें बगारा चावल, आलू की सब्ज़ी, केले की चाट की व्यवस्था की गई। इस सेवा के प्रायोजक सुनीता अग्रवाल, विनय किशोर तायल एवं अमेरिका की डॉ. वनजा हैं। सेवा में विनय किशोर तायल, सुनीता अग्रवाल, शारदा अग्रवाल, मधु गोयल, एडवोकेट हेमा मालिनी तायल, राधिका अग्रवाल आदि ने अपनी सेवाएँ प्रदान की।



उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रस्ट द्वारा आगामी 18 नवम्बर को प्रदर्शनी मैदान के पास झुग्गी झोपड़ी बस्ती में तथा 21 नवम्बर को पुनः ईएनटी अस्पताल में अन्नदान सेवा की जाएगी। सेवा में उपस्थित सभी सदस्यों का संस्थापक ट्रस्टी विनय किशोर तायल ने आभार जताया।

# नरसिंह मंदिर में अन्नकूट प्रसादी सम्पन्न



**हैदराबाद, 10 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नरसिंह मंदिर के ट्रस्टी गोविंद नारायणा राठी एवं पूजारी रमेशचंद्र व्यास द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार नरसिंह मंदिर में भव्य रूप से अन्नकूट कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में भक्तों ने नरसिंह भगवान के दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में मुरारी दायमा, हरि दायमा, श्याम तिवारी, सुमीत राठी द्वारा भजन प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर एन.एल.पित्ती, पांडू यादव, डॉ. भगवत राव, ओम प्रकाश तोषनिवाल, रामाराजू, चांदमल तोतला, रमेशचंद्र व्यास, रमेश बंग, लक्ष्मीनारायण व्यास, सुमित राठी, घनश्याम तोषनिवाल, श्रीनिवास लोया, कमलनारायण राठी, रघुनंदन यादव, वेणुगोपाल कलंत्री, पवन भारडिया, एम. वैकुंटम, रमेश तोषनिवाल, संतोष ममता गुप्ता, डॉ. सुरेखा, लाल सिंह, शशिकला, गोपाल जी, मनोज जायसवाल, राजकुमार सांकला, बाबू गुरु एवं अन्य उपस्थित थे।








श्री कृपा मार्केट होलसेल एंड रिटेल मर्चेंट एसोसिएशन मलकपेट गंज के तत्वावधान में आगामी दिसंबर माह में होने वाले एसकेएम हैदराबाद ग्लोबल मर्चेंट स्पोर्ट्स लीग सीजन 4 का उद्घाटन समारोह किया गया। जिसमें चंद्र मोहन, दीपक मोदी, पवन मर्दा, विकास जैन, सुरेंद्र रेड्डी, मनीष भाटी, अनिल पि अशोक महेंद्र जैन एवं अन्य उपस्थित रहे।



अगापुरा स्थित माथुर वैश्य भवन में माथुर वैश्य चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा अन्नकूट प्रसादी का आयोजन किया गया।


## स्वर्गवास



**श्रीमती संतोष बाई**

(धर्मपत्नी : गोपालदास अग्रवाल)

का स्वर्गवास शनिवार दि.9-11-2024 को हुआ ।
अंतिम यात्रा आज रविवार दि.10-11-2024 को प्रातः 10:00 बजे हमारे निवास स्थान अज़ीज मंजिल, अग्रवाल चैम्बर्स के सामने, किंग कोठी से पुरानापुल श्मशान वाटिका जायेगी ।

– शोकाकुल –

गोपालदास (पति), ओमप्रकाश, माणिकचंद, भरत कुमार (देवर),
अनिलकुमार, विरेन्द्रकुमार, जितेन्द्रकुमार (पुत्र), नरेन्द्र, पवन, विकास (भतीजे),
प्रियम, दिपेश, हर्ष, भावेश (पौत्र) एवं समस्त रामुका परिवार

**मोतीलाल गोपालदास अग्रवाल**

4th फ्लोर, फ्लैट नं.409, 5th फ्लोर, फ्लैट नं.509, अज़ीज मंजिल, अग्रवाल चैम्बर्स के सामने, किंग कोठी, हैदराबाद ✆ 9290303802, 9652176211, 9949913538

**M. GOPALDAS JEWELLERS**

Charkaman | Basheerbagh | Kompally | Somajiguda

# महाकुंभ में थूकलीगी गैंग के प्रवेश और हलाल उत्पाद की बिक्री पर बैन की मांग

**प्रयागराज, 09 नवंबर (एजेंसियां)।**

महाकुंभ-2025 की तैयारियां जोरों पर हैं। इसमें देश-विदेश के 40 करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इस बीच अखिल भारतीय संत समिति ने कहा कि कुंभ क्षेत्र में हलाल प्रोडक्ट भी नहीं बेचे जाने चाहिए। कट्टरपंथी मुस्लिमों को थूकलीगी गैंग बताते हुए मेले में उनकी एंट्री रोकने की भी बात कही। उन्होंने कुंभ के 50 किलोमीटर की परिधि में नए दुकानदारों को अनुमति नहीं देने की बात कही।

संत समिति के महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने शनिवार को एक बयान जारी किया। उन्होंने कुंभ को दुनिया का सबसे बड़ा और प्राचीनतम व्यवस्था बताया है। कुंभ में मुस्लिम दुकानदारों को व्यापार करने की अनुमति देने जैसी बातों



को जितेंद्रानंद सरस्वती ने कुछ नेताओं और तथाकथित सेक्युलरों की कोरी बयानबाजी बताया है। उन्होंने कहा कि इस पर्व में पवित्रता इतनी अधिक होती है कि यहां आने वाले कल्पवासी भयानक ठंड में भी 2 समय स्नान करते हैं। उन्होंने आगे कहा, ऐसी परिस्थिति में हम इस थूकलीगी गैंग पर भरोसा कैसे कर सकते हैं? उन्होंने कहा 12 वर्षों के बाद आने वाले इस महापर्व में हिंदू समाज की सुरक्षा के साथ कोई खिलवाड़ कतई नहीं किया जा सकता है। संत समिति का पक्ष रखते हुए जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि कुंभ परिक्षेत्र से 50 किलोमीटर की परिधि में किसी भी नए व्यक्ति को दुकान लगाने की अनुमति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, हलाल सर्टिफाइड को हम कतई स्वीकार नहीं करने वाले, चाहे उसे हिंदू व्यापारी बनाते हों या मुस्लिम। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार से कुंभ मेले की पवित्रता और शुचिता हिंदू धर्मशास्त्रों के अनुरूप बनाए रखने की मांग की। स्वामी जितेंद्रानंद ने कहा कि थूकलीगी गैंग का कोई सामान कुंभ क्षेत्र में नहीं बिकना चाहिए और न ही उन्हें मेले में किसी भी प्रकार की अनुमति मिलनी चाहिए। अपनी मांग को उन्होंने राष्ट्र और हिंदुओं की सुरक्षा के लिए जरूरी बताया। वीडियो के अंत में उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर कोई समझौता नहीं होगा। बता दें कि धीरेन्द्र शास्त्री ने भी महाकुंभ मेले में गैर-हिंदू दुकानदारों की एंट्री पर बैन लगाने की मांग की है।

महाकुंभ-2025

# बदल रहा है महाकुंभ में जन-आस्था के सबसे बड़े आकर्षण अखाड़ों का स्वरूप

**प्रयागराज, 09 नवम्बर (एजेंसियां)।**

महाकुंभ में जन आस्था का सबसे बड़ा आकर्षण यहां आने वाले हिंदू सनातन धर्म के 13 अखाड़े और उनका शाही स्नान होता है। धार्मिक परम्परा का अनुगामी बनकर आगे बढ़ रहे सनातन धर्म के इन अखाड़ों में भी धीरे धीरे बदलाव हो रहा है।महाकुंभ में हिंदू सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करने वाले अखाड़ों में पर्यावरण संरक्षण का एजेंडा शामिल हो गया है। प्रदेश की योगी सरकार के कुंभ आयोजन से जुड़े दृष्टिकोण की प्रेरणा ने अखाड़ों के बदलाव में भूमिका निभाई है।

प्रयागराज महाकुंभ को प्लास्टिक फ्री और ग्रीन कुंभ के रूप में आयोजित करने का योगी सरकार ने संकल्प लिया है। एक तरफ जहां कुंभ मेला प्रशासन इसके लिए निरंतर प्रयत्न कर रहा है तो वहीं दूसरी तरफ अखाड़ों और संतों के महाकुंभ के एजेंडे में भी सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के साथ पर्यावरण संरक्षण का एजेंडा शामिल हो गया है। निरंजनी अखाड़े के प्रयागराज स्थित मुख्यालय में 5 अक्टूबर 2024 को आयोजित हुई अखाड़ा परिषद की बैठक में पारित संकल्प प्रस्ताव में पर्यावरण संरक्षण भी एक बिंदु था। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी बताते हैं कि प्रकृति हैं तो मनुष्य है । इसलिए प्रकृति को बचाए रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण का विषय महत्वपूर्ण है। महाकुंभ में इस बार अखाड़ों के संत भी लोगों को इसके लिए जागरूक करेंगे। इसके अलावा महाकुंभ में संतों और श्रद्धालुओं से प्लास्टिक और थर्मोकोल के बर्तनों के बजाय दोना पत्तल और मिट्टी के बर्तनों को बढ़ावा देने की अपील की गई है और इसके लिए योजना बनाई जा रही है।

आदि शंकराचार्य ने बौद्धिक और सैन्य भावना से लैस ब्राह्मण और क्षत्रिय परिवारों से तरुण युवाओं को एकत्र कर राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा के लिए जो सेना तैयार की उन्हीं से 13 अखाड़ों का अस्तित्व सामने आया। अपनी धार्मिक परम्परा के अनुसार लंबे समय से सनातन धर्म के ये अखाड़े अपनी धार्मिक यात्रा तय कर रहे हैं। योगी सरकार के 2019 के भव्य, दिव्य और स्वच्छ कुंभ के आयोजन में अखाड़ों में बदलाव की बयार देखने को मिली है। अखाड़ों में समाज के वंचित और दलित वर्ग से आने वाले साधु संतो को भी अखाड़ों में बड़े पदों पर आसीन किया गया। सबसे पहले दलित समाज से आने वाले जूना अखाड़े के संत कन्हैया प्रभु नंद गिरी को 2019 में जूना अखाड़े का महा मंडलेश्वर बनाया गया। इस परम्-परा को आगे बढ़ाते हुए इस महाकुंभ में 450 से अधिक वंचित और दलित समाज से आने वाले संतों को इस बार महा मंडलेश्वर, महंत और मंडलेश्वर जैसी उपाधियां दी जाएंगी। जूना अखाड़े के संरक्षक महंत हरि गिरी की अगुवाई में इस साल महाकुंभ में जूना अखाड़े में 370 दलित महामंडलेश्वर, मंडलेश्वर, महंत और पीठाधीश्वर बनाया जाना है जिसकी सूची तैयार है। श्री पंचायती अखाड़ा उदासीन निर्वाण के श्री महंत दुर्गादास बताते हैं कि उनके अखाड़े में भी इस महाकुंभ में वंचित और दलित समाज से सम्बन्ध रखने वाले साधुओं को उच्च स्थान देने की तैयारी है। श्री पंचायती अखाड़ा महा निर्वाणी के सचिव महंत जमुना पुरी का कहना है अखाड़ों में आए इस बदलाव के पीछे उत्तर प्रदेश के संत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वंचित समाज से आने वाले महात्माओं को भी योग्यतानुसार अखाड़ों में सम्मानित करने और उन्हें पदासीन करने की प्रेरणा भी है। सनातन धर्म को संरक्षित करने के लिए देश ही नहीं दुनिया भर से वंचितों को जोड़ने की आवश्यकता है। अखाड़े शिव और शक्ति का प्रतीक हैं। मातृ शक्ति को हमेशा को अखाड़ों का पूजनीय माना गया है। सनातन धर्म की ध्वजा फहराने में भी नारी शक्ति भी किसी से पीछे नहीं हैं। प्रयागराज में 2019 में आयोजित कुंभ में देश और प्रदेश में नारी सशक्तीकरण की गूंज का असर देखने को मिला और बड़ी संख्या में महिला संतो को महामंडलेश्वर के पद पर विभूषित करते हुए उनका पट्टाभिषेक किया गया। निर्मोही अनि अखाड़े के सचिव महंत राजेंद्र दास का कहना है कि पिछले कुम्भ मेले में आठ विदेशी महिलाओं को महंत बनाया था।

## जापान में नेताजी के संरक्षित अवशेषों को भारत लाने की मांग

**कोलकाता, 09 नवंबर (एजेंसियां)।**

नेताजी सुभाष चंद्र बोस के परपोते चंद्र कुमार बोस ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा। उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि वे जापान के रेनकोजी मंदिर में रखे नेताजी के अवशेषों को अगले साल 23 जनवरी को उनकी जन्मजयंती से पहले भारत लाने के लिए तत्काल कदम उठाएं।

पत्र में उन्होंने कहा कि यह नेताजी का बड़ा अपमान है कि उनके अवशेष अभी भी जापान के रेनकोजी मंदिर में रखे हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नेताजी की इच्छा थी कि वह आजाद भारत में वापस लौटें। लेकिन उन्होंने भारत की आजादी के लिए 18 अगस्त 1945 को अपनी जान की कुर्बानी दी। चंद्र कुमार बोस ने प्रधानमंत्री से यह भी अनुरोध किया कि दिल्ली के कर्तव्य पथ पर नेताजी के सम्मान में एक स्मारक बनाया जाए।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए हुई डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस की शुरुआत

## सीएम योगी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**लखनऊ, 09 नवम्बर (एजेंसियां)।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आकांक्षा हाट कार्यक्रम से पहले प्रदेश की पहली डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस सेवा का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ बस में सफर भी किया और बस की खूबियों के बारे में जाना।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश की पहली डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस की सेवा शुरू होने से यातायात की समस्या को दूर करने में मदद मिलेगी। साथ ही यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

इलेक्ट्रिक होने के कारण यह बस प्रदूषण कम करने में सहायक होगी। वहीं आने वाले समय में प्रदेश के दूसरे प्रमुख शहरों में भी इसी तरह की डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस सेवा की शुरुआत की जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि यहां पर हिंदूजा ग्रुप इलेक्ट्रिक व्हीकल का प्लांट भी स्थापित कर रहा है, जिसका प्रोडेक्शन जल्द ही शुरू हो जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में स्थानीय कला और सेल्फ हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए लगातार सरकार विभिन्न योजनाओं पर काम कर रही है। इसके जरिए यहां के कारीगरों को नया मंच और रोजगार के अवसर के भरपूर मौके दिए जा रहे हैं।

### डबर डेकर इलेक्ट्रिक बस में महिलाओं को 50% छूट

**लखनऊ, 09 नवम्बर (एजेंसियां)।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस सेवा के शुभारंभ पर महिला यात्रियों को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस सेवा में सफर करने वाली महिला यात्रियों को टिकट में 50 प्रतिशत छूट देने की घोषणा की। उनकी इस घो-षणा से सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठ। इतना ही नहीं सीएम योगी आदित्यनाथ ने हर शनिवार को सुबह की ट्रिप में हेरिटेज मार्ग पर संचालित सेवाओं में महिलाओं को निशुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा की।

शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**

I, RICHA RANI KAUSHIK Spouse of Service No. 15817691F Hav VINOD KUMAR, R/o.Vill and Po:Sutana, Teh:Madlouda, Dist:Panipat, Haryana-132105 have changed my name from **RICHA RANI KAUSHIK** to **RICHA RANI** vide affidavit dt:9-11-2024 before C.Samuel, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**

I, Service No 15128734Y Ex Hav K VENUGOPAL RAO, R/o.4-91, Vill:AkuthotaPalli, P.O:Kandukur, Mandal:Dindi, Dist:Nalgonda, Telangana-508258 hereby declare that my daughter name is to be changed from **K SIRIVALLI** to **KESANI SIRIVALLI** vide affidavit dt:9-11-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Retna Bai R/o vill:vattappara, P.O:panthalakkode,Teh:Nedumangadu, Dist:Thiruvananthapuram State: Kerala pin:695028 changed my name & DOB from **RETNA BAI 01/07/1953** to **RETHNA BHAI.M 01/01/1959** vide affidavit dt:09-11-2024 before judicial magistrate court Hyderabad, Telangana



# बंडारू दत्तात्रेय ने उत्तराखंड के लोगों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं



**हैदराबाद, 09 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शनिवार 9 नवंबर, 2024 को तेलंगाना राजभवन, हैदराबाद में राज्य के स्थापना दिवस पर उत्तराखंड के लोगों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उत्तराखंड स्थापना दिवस के अवसर पर इस खूबसूरत राज्य की समृद्ध विरासत, एकता और प्रगति का जश्न भी मनाया। इस अवसर पर अपने भाषण में श्री दत्तात्रेय ने अपनी स्थापना के बाद से उत्तराखंड की प्रेरणादायक यात्रा के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की और भारत की संस्कृति, परंपराओं और विकास में राज्य के महत्वपूर्ण योगदान को स्वीकार किया। उन्होंने कहा उत्तराखंड ने अपनी प्राचीन प्राकृतिक सुंदरता, गहरी जड़ें जमाने वाली आध्यात्मिकता और लचीले लोगों के साथ, देवताओं की भूमि के रूप में एक विशिष्ट पहचान बनाई है। आज, जब हम उत्तराखंड दिवस मनाते हैं, तो हम अपने पूर्वजों की विरासत को बनाए रखने और समृद्ध करने के लिए उत्तराखंड के लोगों के समर्पण और भावना का सम्मान करते हैं।

राज्यपाल श्री दत्तात्रेय ने विभिन्न क्षेत्रों, विशेष रूप से पर्यटन, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण में उत्तराखंड की उल्लेखनीय प्रगति की सराहना की, जो पूरे देश को प्रेरित और लाभान्वित कर रही है। श्री दत्तात्रेय ने कहा कि हरियाणा और उत्तराखंड के बीच मजबूत सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंध हैं। उन्होंने कहा, हरियाणा के लोगों की ओर से मैं उत्तराखंड के लोगों को शांति, समृद्धि और निरंतर प्रगति से भरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं।



ताकर बस्ती रामदेव बाबा मंदिर पॉट मार्केट सिकंदराबाद में सुंदरकांड का पाठ करते हुए भक्तगण।



यूनाइटेड स्टेट्स पोलो एसोसिएशन की ओर से यूएसपीए अध्यक्ष एचपीआरसी चैतन्य कुमार ने स्नैप्स इंडिया न्यूज एंड फोटो एजेंसी के लिए फोटो फ्रेम में प्रशंसा प्रमाण पत्र संपादक मो. शम्सुद्दीन को सौंपा। ज्ञात हो कि कॉम्ब्स इंटरनेशनल एरिना पोलो चैलेंज कप 2024, यूएसपीए द्वारा भारत और यूनाइटेड स्टेट्स के बीच लैकसाइड पोलो क्लब, सैन डिएगो, कैलिफोर्निया में आयोजित किया गया था जिसका मीडिया कवरेज श्री शम्सुद्दीन ने किया। एचपीआरसी भी एचपीआरसी में होने वाली विश्व एरिना पोलो चैंपियनशिप 2025 की मेजबानी कर रहा है। विश्व एरिना पोलो चैंपियनशिप भारत में आगामी दि.20 फरवरी से 2 मार्च 2025 तक हैदराबाद में आयोजित होने वाला है। जिसमें दुनिया भर से लक्जमबर्ग, जर्मनी, स्पेन, फ्रांस, यूनाइटेड किंगडम, यूएसए, सऊदी, ओमान, कुवैत, मिस्र, कतर, संयुक्त अरब अमीरात टीमें भाग ले रही हैं।










स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.